52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 11.2 °c अधिकतम 13.4 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 7:13 सूर्यास्त-5:31 | वर्ष : 52/ अंक : 362 | मंगलवार, 31 दिसम्बर 2024 | पौष, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

लफ्जो के बोझ से थक
जाती जुबान कभी कभी,
पता नहीं खामोशी मजबूरी
है या समझदारी।

हम समाजवादियों का संकल्प 2027 में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का है : शिवपाल यादव



उनके बयानों से भी आपके संकल्प को बल मिल रहा है......

# मुस्लिम युवक ने की युवती से छेड़छाड़, पॉक्सो एक्ट में मुकदमा

## ▶ पचैंडा रोड पर युवती का हाथ पकड़ा तो पिता बोले जब तक पिछवाड़ा न छितवा दूं, तब तक यहां से नहीं जाऊंगा



**मुजफ्फरनगर, 30 दिसम्बर (बु.)।** अपनी बेटी की इज्जत की खातिर आज एक पिता का रौद्र रूप उस समय दिखाई दिया, जब उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि उनकी बेटी पचैंडा रोड स्थित एक पब्लिक स्कूल में इण्टर की छात्रा है। पिछले एक माह से मोनिस पुत्र अब्दुल सत्तार निवासी गढ़ी लगातार उनकी बेटी से छेड़छाड़ कर रहा था मगर बेटी यह सोचकर घर के लोगों को नहीं बता रही थी कि शायद असामाजिक तत्व अपने आप ही मान जाएंगे, मगर असामाजिक तत्व कहां अपने आप मानने वाले थे। मजबूर होकर युवती ने अपने घर पर बताया तो आज हिन्दू संगठनों का सहयोग लेकर पचैंडा कलां निवासी मनोज कुमार नई मण्डी थाने पहुंच गए। मीडिया से मुखातिब होते हुए उन्होंने साफतौर पर कहा कि यह मुसलमान जो ये सोच रहे हैं कि हमें हिन्दुस्तान में ही दबा लेंगे और हमारी बहु-बेटियों पर इनकी पहले से ही नजर रहती है, ऐसे में हम खामोश रहने वाले नहीं हैं। आज मौके पर रंगे हाथों मोनिस पुत्र अब्दुल सत्तार को पुलिस बुलाकर पकड़वाया गया है। उक्त मोनिस मेरी बेटी से लगातार छेड़छाड़ कर रहा था व पिता मनोज कुमार ने कहा कि जब तक इसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज नहीं हो जाता, तब तक यहां से नहीं हिलूंगा और इसका पिछवाड़ा भी छितवाकर जाऊंगा। यदि पुलिस ने ऐसा नहीं किया, तो मैं भी यहीं बैठा रहूंगा। मनोज कुमार के साथ एक दर्जन से अधिक हिन्दू संगठन के लोग उनका साथ देने के लिए नई मण्डी थाने पहुंचे और उनके साथ डटे दिखाई दिये। देर शाम तक जब हिन्दू संगठन के लोग नई मण्डी थाने में डटे रहे तो पुलिस को मोनिस के खिलाफ पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज करना पड़ा। मोनिस के परिजनों का कहना है कि मोनिस की दिमागी हालत ठीक नहीं है। इस बात की सुनवाई करते हुए पुलिस ने जवाब दिया कि जो भी कहना हो अब कोर्ट में ही इस बात को साबित करना, क्योंकि इस बात के कोई पुख्ता सुबूत अथवा तथ्य नहीं थे।

**नहीं बाज आ रहे मुस्लिम समुदाय के असामाजिक तत्व**

## आठवीं तक के स्कूल आज भी बंद रहेंगे

▶ प्रशासन ने की एडवाइजरी जारी : पारा और अधिक गिरेगा, हो जाएं सावधान

▶ संभावित कड़ाके की ठंड के मद्देनजर जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण ने चेताया



**मुजफ्फरनगर, 30 दिसम्बर (बु.)।** शीत लहर के प्रकोप के बीच जिलाधिकारी ने मंगलवार को फिर आठवीं तक के सभी स्कूलों को बंद रखने के आदेश दिए हैं। इस बीच शीतलहर को लेकर प्रशासन की ओर से एक एडवाइजरी भी जारी की गई है। जिला भीषण ठंड की जकड़न में है। इसे देखते हुए जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने मंगलवार को भी सभी बोर्डों के आठवीं तक के विद्यालयों को बंद रखने का आश्वासन दिया है। इसके चलते सभी स्कूलों में कल भी शिक्षण कार्य नहीं होगा। इस बीच अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गजेंद्र कुमार ने बताया कि अभी पारा और गिरेगा, ऐसे में कड़ाके की संभावित ठंड के मद्देनजर जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण ने जिले के लोगों को सलाह दी है कि वे शीतलहर से बचाव के लिए तैयारी रखें ताकि जानमाल के नुकसान से बचा जा सके। उन्होंने बताया कि पर्याप्त सर्दियों के कपड़े पहनें। कपड़ों की कई परतें अधिक सहायक होती हैं। आपातकालीन आपूर्ति तैयार रखें। शीतलहर में फ्लू, बहती नाक या नाक से खून जैसी विभिन्न बीमारियों की संभावना बढ़ जाती है, जो आमतौर पर ठंड के लंबे समय तक संपर्क में रहने के कारण होती हैं या बढ़ जाती है। इन लक्षणों में डॉक्टर से सलाह लें।

एडीएम वित्त गजेन्द्र कुमार ने बताया कि जितना हो सके घर के अंदर रहें और ठंडी हवा के संपर्क में आने से बचने के लिए कम से कम यात्रा करें। भारी कपड़ों की एक परत के बजाय ढीले फिटिंग, हल्के, विंडप्रूफ गर्म ऊनी कपड़ों की कई परतें पहनें। टाइट कपड़े ब्लड सर्कुलेशन को कम करते हैं। ऐसे में दस्ताने पहनें। दस्ताने ठंडक से गर्मी व इंसुलेशन प्रदान करते हैं क्योंकि उंगलियां अपनी गर्मी साझा करती हैं और ठंड के लिए कम सतह क्षेत्र को उजागर करती है। ठंड से बचने के लिए टोपी व मफलर का प्रयोग करें। शरीर के तापमान का संतुलन बनाए रखने को पौष्टिक आहार लें। पर्याप्त इम्यूनिटी बनाए रखने के लिए विटामिन-सी से भरपूर फल व सब्जियां खाएं। नियमित रूप से गर्म तरल पदार्थ पियें, क्योंकि गर्म पेय पदार्थ ठंडक से लड़ने को शरीर को गर्मी करती है। तेल, पेट्रोलियम जेली या बॉडी क्रीम से नियमित रूप से शरीर की मालिश करें। यह त्वचा को नमी प्रदान करते हैं। शीत लहर के संपर्क में आने पर हाथ पैर की उंगलियों, कानों और नाक की नोक पर सुनापन, सफेद या पीलापन दिखना, शीतलहर के लक्षण हैं जिसके प्रति सतर्क रहे। कंपकंपी को नजरअंदाज ना करें। शीतलहर के प्रभाव का यह एक महत्वपूर्ण संकेत है। शरीर गर्मी खो रहा हो तो जल्द से जल्द घर के अंदर गर्म स्थान पर रहने का प्रयत्न करें। वहीं पालतू-जानवरों को शीतलहर से बचने के लिए जानवरों को बाड़े के अंदर ले जाएं एवं ख्याल रखें। एनडीएमए द्वारा जारी किया गया मोबाइल एप मोबाइल एप डाउनलोड करें।

**क्या ना करें...** लंबे समय तक ठंड के संपर्क में रहने से बचे। शराब न पिएं क्योंकि यह शरीर के तापमान को कम करती है व रक्त वाहिकाओं को संकुचित करती है। ठंड से प्रभावित अंग की मालिश न करें। इससे अधिक नुकसान हो सकता है। कंपकंपी को नजरअंदाज ना करें। यह पहला संकेत है कि शरीर गर्मी खो रहा है-घर के अंदर शरण लें। प्रभावित व्यक्ति को तब तक कोई तरल पदार्थ न दें जब तक पूरी तरह से सचेत न हो जाए। उन्होंने बताया कि शीत लहर के दौरान जानवरों व पशुधन को जीविका के लिए अधिक भोजन की आवश्यकता होती है ऐसे में भैंसों/मवेशियों के लिए इस मौसम के दौरान जानवरों में तापमान में अत्यधिक भिन्नता पशुओं की प्रजनन दर प्रभावित कर सकती है। ठंडी हवाओं के सीधे संपर्क से बचने के लिए रात के दौरान सभी तरफ से जानवरों के आवास को ढक दें।

## नए साल पर होश में छलकाना जाम, प्रशासन ने भी हुड़दंगियों के लिए किए पुख्ता इंतजाम




**मुजफ्फरनगर, 30 दिसम्बर (बु.)।** नए साल का आज अंतिम दिन है और 31 दिसम्बर की रात से ही नए साल का जश्न शुरू होत दिखाई देगा। कहीं जाम छलकाए जाएंगे तो कहीं अपने मनोरंजन के लिए डांस आदि का इंतजाम भी लोगों ने पहले से ही कर लिया है। ऐसे में प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद दिखाई दे रहा है। प्रशासन ने अपने इंतजाम करते हुए तेज दौड़ने वाले वाहनों के लिए बैरिकेडिंग लगाने का काम भी पहली बार किया है। चूंकि नशे में धुत्त आवारा किस्म के लोग नए साल के नाम पर जब हुड़दंग करते हुए निकलते हैं तो उन्हें यह तक पता नहीं चलता कि उनके सामने पुलिस खड़ी है या आम आदमी। वे बेधड़क होकर दुर्घटनाएं करते हुए चलते हैं। ऐसे में पुलिस ने सड़क से लेकर होटलों तक अपनी मुस्तैदी जारी रखी है। सभी होटल वालों से उनके कार्यक्रमों की लिस्ट, रूपरेखा और जिन होटलों में शराब चलेगी उसमें अनुमति ली है या नहीं यह पूरी चैकिंग कर ली है। आबकारी विभाग द्वारा विभिन्न स्थानों पर चैकिंग अभियान देर रात में चलाया गया, जिसमें जांच की गयी कि कहीं कोई अवैध रूप से शराब तो नहीं ले जा रहा। हालांकि शराब के शौकीन अपना कोटा पहले से ही पूरा कर चुके हैं। शायद अब चैकिंग में पुलिस को कुछ न मिल पाए। प्रशासन द्वारा सभी होटलों के संचालकों से वार्ता की जा चुकी है और उन्हें सारे नियम बताए जा चुके हैं। होटल संचालकों ने आश्वासन दिया है कि वे किसी भी सूरत में हुड़दंगियों को होटल में प्रवेश ही नहीं देंगे यदि फिर भी कोई व्यक्ति घुस आता है तो इसकी सूचना पुलिस को दी जाएगी। पुलिस के अनुसार पहले से ही मुजफ्फरनगर में निषेधाज्ञा यानि धारा 144 लागू की गयी है। ऐसे में पुलिस कहीं पर भी लोगों का जमावड़ा नहीं होने देगी और ट्रैफिक पुलिसकर्मी देर रात तक अपनी ड्यूटी पर मुस्तैद रहेंगे। पुलिस सोशल मीडिया पर भी लगातार नजर रखे हुए है। यदि कोई भी हुड़दंग से जुड़ी वीडियो प्रसारित होती है तो पुलिस तत्काल पर कार्यवाही करेगी।



### मदिरा के शौकीनों पर सरकार मेहरबान, एक घंटा ज्यादा खुलेंगी आज दुकान

**मुजफ्फरनगर।** कोरोना काल की तरह वर्ष 2025 की शुरूआत से पहले ही सरकार ने मदिरा के शौकीनों के साथ बड़ी हमदर्दी दिखाई है। जिस तरह से कोरोना के आपदाकाल में सबसे पहले सरकार ने मदिरा के शौकीनों का ध्यान रखा था और दवा की दुकानें खुलने से पहले दारू की दुकानें खोल दी गयी थीं, ठीक उसी प्रकार 2025 से पहले सरकार एक बार फिर मदिरा के शौकीनों पर मेहरबान होती दिखी। उनसे हमदर्दी रखते हुए नए साल पर जमकरशराब का सेवन करने के लिए उन्हें 31 दिसम्बर को शराब खरीदने का एक घंटे और अधिक का मौका दिया गया है। नियमों के अनुसार शराब के ठेके आमतौर पर 10 बजे तक खुलते हैं। मगर आज 31 दिसम्बर को यह ठेके रात्रि 11 बजे तक खुलेंगे।

### इंटरसिटी, जालंधर सुपर व कालका पैसेंजर रद्द रहने से यात्री रहे हलकान

**मुजफ्फरनगर, 30 दिसंबर (बु.)।** पंजाब में किसानों के बंद के चलते आज अंबाला इंटरसिटी, जालंधर सुपर व कालका पैसेंजर नहीं चलने से यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। इसके अलाव कोहरे के कारण भी तमाम रेलगाड़ियों का संचालन विलंब से होने के कारण भी यात्री परेशान रहे। पंजाब में किसानों के आंदोलन और बंद के कारण सोमवार को पंजाब आने जाने वाली 106 ट्रेन रद्द रही। इसके चलते दिल्ली-अंबाला इंटरसिटी एक्सप्रेस, जालंधर इंटरसिटी सुपर और कालका से दिल्ली जाने वाली कालका पैसेंजर ट्रेन भी आज नहीं चली। चार बजे के बाद पंजाब आने जाने वाली ट्रेनों को चलाया गया। अचानक ट्रेनों के रद्द होने के कारण यात्रियों को आज परेशानी का सामना करना होगा। इस बीच कोहरे के कारण भी तमाम रेलगाड़ियां काफी देरी से चल रही हैं।

### महाकुंभ में स्थापित केंद्रीय अस्पताल में जन्में दो बच्चे, रखा गया कुंभ-गंगा नाम

**लखनऊ, 30 दिसंबर (एजेंसी)।** महाकुंभ को लेकर चल रही तैयारियों के बीच यहां स्थापित केंद्रीय अस्पताल में अब तक दो बच्चों का जन्म हो चुका है। रविवार के बाद सोमवार को एक अन्य बच्चे ने जन्म लिया है। जच्चा-बच्चा दोनों ही स्वस्थ हैं और चिकित्सकीय देखरेख में हैं। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने परिजनों को बधाई देते हुए कहा कि इस अस्पताल में विश्वस्तरीय सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि महाकुंभ स्थित केंद्रीय अस्पताल में ओपीडी, सामान्य वार्ड, प्रसव केंद्र, ऑपरेशन थियेटर और आईसीयू की व्यवस्था की गई है। लोगों को इलाज भी मिलना शुरू हो गया है। रविवार को 20 वर्षीय गर्भवती सोनम को प्रसव पीड़ा होने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उसने एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया है। बच्चे का नाम कुंभ रखने पर परिजनों ने सहमति जताई है। वहीं सोमवार को गर्भवती शिव कुमारी को भी प्रसव पीड़ा होने पर केंद्रीय अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

### इसरो ने स्पेडेक्स मिशन की लॉन्चिंग का समय बदला

**नई दिल्ली, 30 दिसंबर (एजेंसी)।** इसरो ने अपने महत्वकांक्षी अंतरिक्ष मिशन 'स्पेडेक्स' की लॉन्चिंग को दो मिनट आगे बढ़ा दिया है। इसरो का यह मिशन उसके अंतरिक्ष कार्यक्रम में मील का पत्थर साबित होगा। पहले इसरो अपने स्पेस डॉकिंग मिशन स्पेडेक्स की लॉन्चिंग सोमवार रात 9.58 पर करने वाला था, लेकिन अब यह लॉन्चिंग दो मिनट की देरी से रात 10 बजे होगी। हालांकि लॉन्चिंग के समय में इस बदलाव की वजह इसरो ने नहीं बताई है। इसरो ने सोमवार को एक अपडेट में कहा, 'लॉन्च का दिन आ गया है। आज रात ठीक 10 बजे, स्पेडेक्स और नए पेलोड के साथ पीएसएलवी-सी60 उड़ान भरने के लिए तैयार है।' अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा, 'अंतरिक्ष डॉकिंग प्रयोग पृथ्वी की कक्षा में डॉकिंग की भारत की क्षमता स्थापित करने के लिए एक अहम मिशन है, जो भविष्य में इंसानों को अंतरिक्ष में भेजने और उपग्रह सेवा मिशनों के लिए बेहद अहम तकनीक है।' इसरो के एक अधिकारी ने बताया कि रविवार रात 9 बजे शुरू हुई 25 घंटे की उल्टी गिनती जारी है। भारत से पहले सिर्फ चीन, रूस और अमेरिका ही स्पेस डॉकिंग का सफल परीक्षण कर चुके हैं। भारत के चंद्रयान-4 मिशन की कामयाबी भी स्पेडेक्स मिशन पर निर्भर है।

## मुस्लिम भाईयों के आंसू पोंछकर संभल से वापस लौट सपा का प्रतिनिधि मण्डल

**मुजफ्फरनगर, 30 दिसम्बर (बु.)।** 24 नवम्बर को सम्भल में हुई हिंसा के बाद पत्थरबाजी करने व गोली चलने में मुस्लिम समाज के चार लोगों की मौत हो गयी थी,



जिसके बाद तरह-तरह के आरोप, प्रत्यारोप सपा, कांग्रेस की ओर से लगने शुरू हो गए थे। मुस्लिम भाईयों का दर्द बांटने के लिए कांग्रेस व सपा ने बार-बार सम्भल जाने की जिद की थी। माहौल ठीक न होने के चलते शासन ने उन्हें जाने से कई बार रोक दिया था। मगर आज सपा का प्रतिनिधि मण्डल सम्भल में मुस्लिम भाईयों का दर्द बांटने के लिए पीड़ितों परिजनों के घर पहुंचा और उनके दिल का हाल जानते हुए परिजनों को हाथोंहाथ पांच-पांच लाख रुपये का चेक सौंपा। सुबह-सवेरे मुजफ्फरनगर से जाते समय सांसद हरेन्द्र मलिक ने बताया कि हम वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त करने के लिए




जा रहे हैं। संभल पहुंचकर वहां के प्रशासनिक अधिकारियों से मिला जाएगा और उन्हें समझाया जायेगा कि जो हो रहा है वह ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि जो भी कार्यवाही हो वह संविधान के दायरे में रहकर वैधानिकतौर हो। संभल सांसद पर लगे आरोपों पर उन्होंने कहा कि सम्भल सांसद खानदानी आदमी हैं और नेता को जनता के आरोपों की परवाह होती है, बाकी कोई कुछ भी आरोप लगाता रहे, उसे कोई परवाह नहीं होती। हरेन्द्र मलिक ने कहा कि वे दुखी, मजलूम, लाचार, पीड़ित के साथ हर तरह से खड़े रहेंगे। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के योगी आदित्यनाथ के आवास की खुदाई में शिवलिंग निकलने की बात पर कहा कि आखिर कब तक यह खुदाई कार्यक्रम चलेंगे। पत्रकारों से वार्ता करते हुए हरेन्द्र मलिक सम्भल के लिए रवाना हो गए। देर शाम जब उनसे बातचीत की गयी तो उन्होंने बताया कि वह सकुशल बिना किसी प्रशासन के टकराव के वापस आ रहे हैं। समाचार लिखे जाने तक वे हापुड़ थे और उन्होंने बताया कि एसएसपी से उनकी सौहार्द्रपूर्ण वार्ता हुई है।

### सपा का प्रतिनिधिमंडल ने संभल, हिंसा में जान गंवाने वालों के परिजनों को सौंपे चेक

**संभल, 30 दिसंबर (एजेंसी)।** संभल में 24 नवंबर को हुए बवाल में जान गंवाने वाले पांचों मृतकों के परिजनों से समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस प्रतिनिधिमंडल में विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय और विधान परिषद में सपा के नेता प्रतिपक्ष लाल बहादुर यादव समेत सांसद और क्षेत्रीय विधायक शामिल रहे। प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ित परिवारों से घटना की जानकारी ली और पांच-पांच लाख रुपये के चेक सौंपे। इस दौरान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। संभल के सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने पुलिस-प्रशासन पर निशाना साधा। कहा कि यदि पुलिस की लाठी भी चोरी होगी तो वह इल्जाम मुझ पर लगा देंगे। बवाल के दौरान उनके खिलाफ हुई कार्रवाई को गलत बताया। सांसद ने कहा कि उनके खिलाफ गलत तरीके से रिपोर्ट दर्ज की गई। बिजली चोरी का भी रंजिशन मुकदमा दर्ज किया है। गलत तरीके से जुमार्ना लगा दिया है। मालूम हो कि जामा मस्जिद सर्वे के दौरान हुए बवाल में मोहल्ला कोटगर्वी निवासी अयान, नईम, हयातनगर निवासी रोमान, सरायतरीन निवासी बिलाल और तुर्तीपुर इल्हा निवासी कैफ की मौत हो गई थी।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

**भोपा, 30 दिसम्बर (बु.)।** गंगनहर पटरी मार्ग पर कार की टक्कर से बाइक सवार चाचा-भतीजा घायल हो गये। एम्बुलेंस द्वारा घायलों को भोपा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर लाया गया, जहां चिकित्सक ने एक व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल को जिला चिकित्सालय रैफर किया गया। ककरौली थाना क्षेत्र के गांव निजामपुर निवासी 30 वर्षीय रविन्द्र पुत्र रामपाल प्रजापति अपने रिश्ते के चाचा सतबीर के साथ सोमवार को अपनी पत्नी कुंती के लिए सहारनपुर-देवबन्द क्षेत्र मे चिकित्सक से औषधि लेने गये थे। शाम के समय दोनों बाइक द्वारा वापस गांव लौट रहे थे। जैसे ही वह बसेड़ा गांव के निकट पहुंचे, तभी कार ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गये। घायलों को एम्बुलेंस द्वारा भोपा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर लाया गया, जहाँ चिकित्सक ने रविन्द्र को मृत घोषित कर दिया। घायल सतबीर को जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है। मृतक रविंदर के परिवार में पिता रामपाल, माता रामबती, पत्नी पूजा, बेटी लविक्षा 6 वर्ष, बेटा प्रणव 4 वर्ष, बेटी निहारिका 2 वर्ष के साथ ही भाई मोनू, चेतन, दो शादीशुदा बहन सोनी का मोनिका और एक छोटी बहन सोनम है। परिवार का रोते-रोते बुरा हाल है। सूचना पर परिजन भोपा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचे। सूचना संबंधित पुलिस को दे दी गई है।



मृतक का फाइल फोटो

### डंपर ने बाइक सवारों को कुचला, एक की मौत

**कैराना, 30 दिसम्बर (बु.)।** भूरा बाईपास फ्लाईओवर के निकट हाईवे पर रॉन्ग साइड चल रहे अनियंत्रित डंपर ने बाइक सवारों को कुचल दिया। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेते हुए घायल को सीएचसी में भर्ती कराया है। जहां से उसे रेफर कर दिया गया है। मेरठ के मोहल्ला अहमदनगर लिसाढ़ी गेट निवासी शहजाद (35) अपने साथी आसिफ के साथ हरियाणा के पानीपत में कपड़ा बनाने की मशीन देखने के लिए गया था। सोमवार शाम करीब सात बजे वह बाइक से अपने घर लौट रहे थे। जब वह भूरा बाईपास फ्लाईओवर के निकट हाईवे से गुजर रहे थे, उसी दौरान सामने से रॉन्ग साइड आ रहा डंपर बाइक पर चढ़ गया, जिसमें बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में शहजाद की मौके पर ही मौत हो गई और उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई, जिन्होंने पुलिस को सूचना देते हुए बामुश्किल बाइक को डंपर के नीचे से बाहर निकाला। पुलिस ने दोनों युवकों को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने शहजाद को मृत घोषित कर दिया। दूसरे घायल को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। वहीं, पुलिस ने डंपर को अपने कब्जे में ले लिया है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि शहजाद सिर पर हेलमेट नहीं पहना था। डंपर टक्कर लगते ही सड़क में उसका सिर लगने से अत्यधिक खून बह जाने से जान चली गई। वहीं, पुलिस ने हादसे के संबंध में मृतक के परिजनों को सूचना दे दी थी।

### मनमोहन के निधन पर शहबाज शरीफ ने नहीं जताया शोक

**लाहौर, 30 दिसंबर (एजेंसी)।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अब तक भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ.मनमोहन सिंह के निधन पर शोक व्यक्त नहीं किया है। इसको लेकर उन्हें सोशल मीडिया पर कड़ी आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है। डॉ. मनमोहन सिंह का पिछले हफ्ते दिल्ली में निधन हुआ। वह 92 साल के थे। उनका जन्म पाकिस्तान के गाह गांव में हुआ था। वह 2004 से 2014 तक भारत के प्रधानमंत्री रहे। दुनियाभर के नेताओं ने जहां डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया। वहीं, शहबाज शरीफ और उनके बड़े भाई व तीन बार के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने उनके निधन पर एक भी शब्द नहीं कहा। दिलचस्प बात यह है कि केवल पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने उनके निधन पर शोक जताया।

## खतौली रैन बसेरे में ठहरे व्यक्ति की ठंड लगने से मौत

### रविवार की रात नगरपालिका के रैन बसेरे में रुका हुआ था गांव जन्धेड़ी का युवक, सवेरे मृत मिला

**खतौली, 30 दिसम्बर (बु.)।** नगर पालिका में बने रैन बसेरे में सो रहे एक व्यक्ति की अचानक मौत हो जाने से प्रशासनिक अधिकारियों में हड़कम्प मच गया। सूचना पर पहुंचे आला अधिकारियों की मौजूदगी में पंचनामा करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया। मिली जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि बीती रात नगर क्षेत्र में सड़क किनारे बेहोशी की हालत में मिले एक व्यक्ति को ठंड से बचाने के उद्देश्य से नगरपालिका परिषद में बने रैन बसेरे पहुंचाया गया था। बताया जाता है कि गत रात्रि में रैन बसेरा पहुंचा व्यक्ति सोमवार की सुबह मृत अवस्था में मिलते ही रैन बसेरे के कर्मचारियों में खलबली मच गई। तत्काल इसकी सूचना उच्चाधिकारियों को दी गई। सूचना मिलते ही एडीएम वित्त गजेन्द्र सिंह, एसडीएम बुढ़ाना व पालिका के अधिशासी अधिकारी राजकुमार सहित आला अधिकारियों की मौजूदगी में पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम हेतु भिजवाया गया। मृतक व्यक्ति की शिनाख्त कल्लू सैनी पुत्र विरेन्द्र निवासी गांव जन्धेड़ी जाटान के रूप में हुई। सूचना पर पहुंचे मृतक के परिजनों का कहना था कि मृतक विकलांग व दिमागी रूप से पीड़ित था। परिजनों द्वारा ठन्ड के चलते मौत होने की आशंका व्यक्त की गई है।



## खतौली में रेलवे लाइन पर भैंस को बचाने के चक्कर में चरवाहे की मौत, भैंस भी मरी

**खतौली, 30 दिसम्बर (बु.)।** दया व धर्म के कर्तव्य का निर्वाह करते हुए भैंस को बचाने के प्रयास में चरवाहे की रेल की चपेट में आने से भैंस सहित मौत हो गई। चरवाहे की मौत की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया।

मिली जानकारी के अनुसार नगर की जगत कॉलोनी निवासी हरपाल पुत्र नकली कॉलोनी के निकट रेलवे लाइन के आसपास भैंस चराने गया था। बताया जाता है कि इस दौरान सुबह दिल्ली से सहारनपुर जाने वाली रेलगाड़ी जब उधर से गुजर रही थी, इस बीच चरवाहे हरपाल ने लाइन से गुजर रही भैंस को बचाने का प्रयास किया, परन्तु हरपाल भैंस को बचा नहीं पाया, बल्कि स्वयं भी रेल की चपेट में आ गया, जिसके कारण रेल की टक्कर से 70 साल के हरपाल व उसकी भैंस की मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची रेलवे पुलिस द्वारा मृतक के शव का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम हेतु भिजवाया गया। हरपाल की अचानक मौत की सूचना मिलते ही उसके परिजनों में कोहराम मच गया, वो रोते-बिलखते मौके पर पहुंचे।



### मुरादाबाद में 43 साल बाद खुला गौरीशंकर मंदिर का गर्भगृह, खोदाई में मिली मूर्तियां

**मुरादाबाद, 30 दिसंबर (एजेंसी)।** झब्बू का नाला मोहल्ले में स्थित गौरीशंकर मंदिर का गर्भगृह 43 साल बाद सोमवार को खोल दिया गया। 1980 के दंगों के दौरान पुजारी की हत्या के बाद मंदिर को बंद कर दिया गया था। मंदिर के पुजारी के पोते ने डीएम को अर्जी देकर इसे दोबारा खुलवाने की मांग की थी। प्रशासन ने तीन दिन पहले मौके का निरीक्षण कर मंदिर की स्थिति का आकलन किया। सोमवार को पुलिस और प्रशासन की कड़ी सुरक्षा के बीच मंदिर की दीवारों को तोड़कर खोदाई शुरू की गई। खोदाई में मंदिर के गर्भगृह से मूर्तियां मिली हैं। मंदिर के आसपास सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। प्रशासन का कहना है कि मंदिर को जल्द ही पूरी तरह से पूजा-पाठ के लिए खोला जाएगा। वर्षों से बंद इस मंदिर के खुलने से क्षेत्रवासियों में उत्सुकता बढ़ गई है।

## सड़क हादसे में दो युवकों की मौत, भाई का शव देख बहन ने भी दम तोड़ा

**शामली, 30 दिसंबर (बु.)।** बिजनौर जनपद में धामपुर थानाक्षेत्र के शेरकोट क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर रविवार रात करीब 1 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। दुर्घटना में मारे गए गांव टपराना निवासी लियाकत और कांधला निवासी तनवीर के शव उनके घर पहुंचे। लियाकत का शव देखकर उसकी बहन ने भी सदमे में दम तोड़ दिया।

रविवार रात करीब 1 बजे अफजलगढ़ की तरफ से धामपुर की और जा रही एक शिफ्ट डिजायर कार मे पीछे से किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयंकर थी कि कार में सवार तनवीर (35) पुत्र फहीम अहमद निवासी गांव कांधला थाना कांधला जनपद शामली की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं लियाकत उर्फ शूटर (45) पुत्र सदाकत निवासी गांव टपराना थाना जिझाना जनपद शामली, नौशाद पुत्र दिलशाद, मकसूर पुत्र माशूक निवासी गांव बुत्रारा थाना बावली जनपद शामली घायल हो गए। गांव टपराना निवासी अविवाहित लियाकत(43) उर्फ शूटर ट्रक पर क्लीनर था। वह अपनी बीमार छोटी बहन फरजाना को देखने के लिए घर आ रहा था, लेकिन रास्ते में हादसे का शिकार हो गया। उसका शव घर पहुंचा तो उसके कुछ देर बाद ही उसकी बहन 27 साल की फरजाना की सदमे में मौत हो गई। अचानक ही उसे अटैक आने की बात कहीं जा रही है। परिजनों के अनुसार, पिछले कुछ समय से फरजाना बीमार भी चल रही थी। परिजनों के मुताबिक लियाकत तीन भाई व सात बहनों में सातवें नंबर का था। देर शाम परिजनों ने शव को सुपुर्दे खाक कर दिया। उधर, कांधला के मोहल्ला सरावज्ञान निवासी तनवीर(35) उत्तराखंड के किच्छा मे ट्रांसपोर्ट का कार्य करता था। पिछले कई दिन से कार्य के सिलसिले से बिजनौर में रह रहा था। पिता फहीम ने बताया कि रविवार की शाम को तनवीर कार से अपने साथी लियाकत निवासी टपराना व नौशाद व मकसूर के साथ उत्तराखंड किच्छा से कांधला लौट रहे थें। तनवीर की मौत के बाद परिवार में पिता, चार भाई, दो बहन, पत्नी सादमा व दो बेटे और एक बेटी हैं। सोमवार को उसका शव कांधला पहुंचा। उसकी मौत से घर पर मातम पसरा है।

## आज का इतिहास

नई दिल्ली, 30 दिसंबर (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 30 दिसंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएं इस प्रकार है। 1687-एक चार्टर जारी किया जिसमें जन प्रतिनिधि शासन की स्थापना, सुचारू न्यायिक पद्धति का विकास और करारोपण अधिकारों का उल्लेख किया गया। इस चार्टर के अन्तर्गत मद्रास का पहला नगर निगम स्थापित किया गया था। 1703-जापान की राजधानी टोक्यो में भूकंप से 37 हजार लोगों की मौत। 1803-ब्रिटेन की ईस्ट इंडिया कंपनी ने दिल्ली, आगरा तथा भरूच पर नियंत्रण किया। 1873-अमेरिका के न्यूयार्क में माप तौल के लिए मेट्रोलॉजिकल सोसायटी का गठन। 1893-रूस और फ्रांस ने सैन्य समझौते पर हस्ताक्षर किये। 1906-अखिल भारतीय मुस्लिम लीग की स्थापना ढाका (अब बंगलादेश) में हुई। 1917-भारत के प्रख्यात उद्योगपति एवं दिग्गज दवा कम्पनी 'रैनबैक्सी' के संस्थापक भाई मोहन सिंह का जन्म। 1922-रूस की राजधानी मास्को के बोलशोई थियेटर से सोवियत संघ के निर्माण की औपचारिक रूप से घोषणा की गयी। 1935-प्रथम भारतीय शतरंज मास्टर मैनुअल आरों का जन्म। 1943-स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस ने पोर्ट ब्लेयर में भारत की आजादी का झंडा लहराया। 1949-भारत ने चीन को मान्यता दी। 1950-प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता हनुमप्पा सुदर्शन का जन्म। 1971-जाने माने वैज्ञानिक विक्रम साराभाई का निधन। 1975-अफ्रीकी देश मेडागास्कर में संविधान प्रभावी हुआ। 1979-पश्चिमी अफ्रीकी देश टोगो ने संविधान अंगीकार किया। 1996-ग्वाटेमाला में गत 36 वर्षों से चला आ रहा गृहयुद्ध समाप्त। 2000-जनरल उमर-इल बशील दोबारा सूडान के राष्ट्रपति चुने गये। 2001-लश्कर-ए-तोइबा का संस्थापक प्रमुख हफीज मोहम्मद पाकिस्तान में गिरफ़्तार; महमूद अजहर जेल भेजे गए। 2002-आस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड से चौथा एशेज टेस्ट जीता। 2003-आस्ट्रेलिया ने भारत से मेलबर्न टेस्ट 9 विकेट से जीता।

## मुजफ्फरनगर मंडी

मुजफ्फरनगर, 30 दिसम्बर, (बु.)। गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहेः- ढैया 1500, रसकट ढैया 1240-1255, चाकू 1550-1711, लड्डू 1550-1651, खुरपापाड़ 1470-1490, शक्कर मसाला 1660-1685। आमद- 3000 मन।

## सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 30 दिसम्बर, (बु.)। मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहेः-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 78550 | चांदी- | 89450 |
| सिक्का- | 10500 | गिन्नी- | 58760 |

## आपका आज का राशिफल

मंगलवार, 31 दिसम्बर, 2024

**मेष-** समस्याओं का संतोषजनक समाधान, स्वाध्याय की ओर रुझान, राजनैतिक क्रियाकलापों में संलग्नता, आवागमन में अनुकूलता, बकाए धन की प्राप्ति।
**वृषभ-** आृथक व्यावसायिक पक्ष में निराशा, महत्वपूर्ण उपलब्धि में व्यवधान, मानसिक अशांति, वाहन से चोट-चपेट, दुर्घटना की आशंका, प्रतिष्ठा पर आघात।
**मिथुन-** बुद्धि-चातुर्य से कुछेक मसले हल, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क, परोपकार की भावना जागृत, वैमनस्यता का समापन, विवाद समापन की ओर, भौतिक सुख।
**कर्क-** ग्रहयोग बेहतर, दाम्पत्य जीवन में उपस्थित व्यवधान समाप्त, नवसमाचार की प्राप्ति से खुशी, मान-सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न, यात्रा सफल, कार्यक्षमता में वृद्धि।
**सिंह-** चिरवांछित कार्य बनने से खुशी, व्यक्तित्व का विकास, बुद्धि-चातुर्य से संकल्प सिद्धि, सामाजिक कृत्यों में अभिरुचि, जीवन साथी से सहयोग, शांति।
**कन्या-** समय अशुभ, शारीरिक सुख में कमी, साझेदारी के व्यापार में हानि, आरोप प्रत्यारोप की स्थिति, शत्रु प्रभावी होने की दिशा में प्रयासरत, यात्रा में कष्ट।
**तुला-** लाभ का सुयोग, आृथक स्थिति में सुधार, पराक्रम में वृद्धि, वैवाहिक अड़चनों का समापन, घरेलू समस्याएं सुलझने की ओर, नवसमाचार की प्राप्ति।
**वृश्चिक-** योजना साकार होने की ओर, समझदारी से लिया गया निर्णय हितकर, मनोवांछित सफलता का सुयोग, परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण, अध्यात्म आस्था।
**धनु-** भाग्योदय का मार्ग प्रशस्त, नौकरी में पदोन्नति विषयक मसला हल होने की ओर, उल्लासमय वातावरण, सुख के जरूरी साधन सुलभ, धाृमक गतिविधियों में रुचि।
**मकर-** व्यवधान से अशांति, व्यवसायिक असफलता, भौतिक सुख के साधन में कमी, स्वाध्याय के प्रति अरुचि, शत्रु हानि पहुँचाने की कोशिश में, विवाद से अशांति।
**कुम्भ-** कठिनाइयों का निराकरण, सद्विचारों से आत्मिक शांति, उत्तरदायित्व का निर्वाह, अपने स्तर को बनाये रखने में अधिक व्यय, परिवार में मंगलकृत्य सम्पन्न।
**मीन-** चिरवांछित कार्यों में सफलता, दूसरों की सलाह से कामयाबी, प्रभावशाली हस्तियों से अपेक्षित सहयोग, कुछेक मसला सुलझने की ओर, धनागम का सुयोग।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

## गंगा किनारे आस्था का संगम ... तीर्थनगरी के आश्रमों में पहुंचे श्रद्धालुओं ने अपने हाथों से संत-महात्माओं को भोजन प्रसाद कराया ग्रहण

# पौराणिक शुकतीर्थ में सोमवती अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने लगाई गंगा में डुबकी





भोपा, 30 दिसम्बर (बु.)। पौराणिक तीर्थनगरी शुकतीर्थ में पौष माह की सोमवती अमावस्या पर दूर-दराज क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने पतित पावनी गंगाजी में स्नान किया। श्रद्धालुओं ने नगरी के विभिन्न मंदिरों में दर्शन कर भक्ति भाव से प्रसाद चढ़ाया। वहीं श्रद्धालुओं ने वस्त्र, अन्न, द्रव्य, फलपत्र, मिठाई आदि का दान किया। नगरी के विभिन्न आश्रमों में श्रद्धालुओं ने संत महात्माओं को भोजन प्रसाद कराया। इस मौके पर नगरी में मेले जैसा माहौल रहा।
भागवत उद्‌गमस्थली पौराणिक महाभारतकालीन शुकतीर्थ गंगा घाट पर सोमवार को सुबह सवेरे से ही सोमवती अमावस्या के अवसर पर अनेक राज्यों से आए श्रद्धालुओं ने हर हर गंगे व जय गंगा मैया के उद्‌घोष के साथ गंगा में आस्था के गोते लगाए। हनुमतधाम स्थित हनुमान जी की 72 फुट ऊँची विशाल प्रतिमा का विशेष पूजन किया। गणेश धाम, शिव धाम, दुर्गा धाम, पीताम्बरा धाम, शनि धाम, महाशक्ति सिद्धपीठ, गौडीय मठ, मां अन्नपूर्णा गिरि सिद्धपीठ, तिलकधारी आश्रम आदि में मंदिरों के दर्शन किये। वहीं



पुरोहितों ने श्रद्धालुओं को भगवान श्री नारायण की कथा सुनाकर गंगा मैया का विशेष पूजन कराया। इसके उपरांत श्रद्धालुओं ने गरीब, असहाय लोगों के बीच वस्त्र, अन्न, फल, मिठाई, खिचड़ी आदि का वितरण किया। प्राचीन अक्षय वट वृक्ष की परिक्रमा कर धागा बांधकर अपने परिवार की खुशहाली के लिए मनौती मांगने वाले श्रद्धालुओं की भी दिन भर भीड़ लगी रही।
श्रद्धालुओं ने ब्रह्मलीन स्वामी कल्याणदेव महाराज की समाधि व कारगिल शहीद स्मारक पर भी पुष्प अर्पित कर उन्हें शत-शत नमन किया। वहीं गंगा घाट पर करौली राजस्थान से आए हरिभक्त मण्डल के देवीलाल गुप्ता ने श्रीमद भागवत कथा सम्पन्न कराई। दण्डी आश्रम, श्रीराम आश्रम, महादेव आश्रम, जाट धर्मशाला, गुर्जर धर्मशाला, राजपूत धर्मशाला, त्यागी धर्मशाला, अग्रवाल धर्मशाला, विश्वकर्मा धर्मशाला आदि श्रद्धालुओं ने आयोजित भण्डारे का प्रसाद संत महात्माओं के बीच वितरण कर आशीर्वाद लिया। नगरी में मेले जैसा माहौल बना रहा। सुरक्षा के मद्देनजर नगरी में पुलिस बल तैनात रहा।

## गुरू गोविंद सिंह प्रकाश उत्सव पर खतौली में सिख समाज ने निकाली प्रभात फेरी

खतौली, 30 दिसम्बर (बु.)। गुरूद्वारा गुरू सिंह सभा जानसठ रोड के तत्वावधान में गुरू गोविन्द सिंह के प्रकाश उत्सव के उपलक्ष में सिख समाज के श्रद्धालुओं द्वारा नगर में प्रभात फेरी निकाली गई। मिली जानकारी के अनुसार गुरूद्वारा गुरू सिंह सभा जानसठ रोड से प्रारम्भ हुई प्रभात फेरी जानसठ तिराहा, बिद्धिवाड़ा, बाजार स्थित गुरूद्वारा राममूर्ति पहुंची, जहां श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा के साथ प्रभात फेरी का भव्य स्वागत किया गया। इसके पश्चात प्रभात फेरी मौहल्ला मिठ्ठूलाल स्थित भारत बिस्किट परिवार के आवास पर पहुंची जहां पर प्रभात फेरी का स्वागत करते हुए प्रसाद वितरण किया गया। इसके पश्चात नगर के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करती हुई प्रभात फेरी पुनः गुरूद्वारा गुरू सिंह सभा पहुंची, जहां पालकी साहब को विश्राम दिया गया। इस दौरान ज्ञानी हरभजन सिंह, ज्ञानी सोहन सिंह, सरदार विरेन्द्र सिंह मान, गौरी शंकर गौरी, नितिन ग्रोवर, विद्या भूषण साहनी, जुगल किशोर गोगिया, आशीष रावल, नवनीत, सरदार बिट्टू, सरदार मंजीत सिंह, सुमित रहेजा, गौरव सलूजा, रेन्द्र सिंह तानू, राजीव ग्रोवर सहित अन्य श्रद्धालु स्त्री-पुरुष व साध संगत मौजूद रही।

## रालोद नेत्री अनुपमा चौधरी ने भी उठाई चरण सिंह मूर्ति अनावरण की मांग



बुढ़ाना, 30 दिसम्बर (बु.)। ब्लॉक के गांव जौला में कांधला रोड पर स्थित एक वाटिका में लगभग 20 सालों से स्थापित पन्नी में लिपटी देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की मूर्ति के अनावरण की मांग यूपी के एक मंत्री और जौला यूथ क्लब के बाद अब राष्ट्रीय लोकदल महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय महासचिव अनुपमा चौधरी ने जोरों शोरों से उठाई है। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले में सीडीओ की भूमिका संदिग्ध नजर आ रही है, जिन्होंने अपनी जांच रिपोर्ट में ये भी नहीं लिखा कि चौधरी चरण सिंह की मूर्ति पन्नी में लिपटी है।? उन्होंने शासन स्तर से सीडीओ के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है और कहा कि ये जाट समाज का अपमान है। प्रशासन 20 सालों से सिर्फ जांच के नाम पर खानापूर्ति करता आ रहा था। उन्होंने साफ शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर जनवरी माह तक चौधरी साहब की मूर्ति से पन्नी हटाकर प्रशासन ने मूर्ति का अनावरण करने का काम पूरा नहीं किया, तो वे जिला मुख्यालय पर भूख हड़ताल शुरू कर देंगी और सैकड़ों महिलाओं के जत्थे के साथ बुढ़ाना कस्बे से पैदल ही मुजफ्फरनगर के लिए कूच करेंगी, जिसकी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी। उन्होंने प्रशासन के ढीले रवैय्ये के प्रति रोष जाहिर किया और कहा ये कृत्य निंदनीय है।

## नगर की समस्याओं को लेकर डीएम से मिला हिंदू शक्ति संगठन का प्रतिनिधिमंडल

### शहर की टूटी पड़ी सड़कों को लेकर जताया रोष, पुनः निर्माण की मांग



मुजफ्फरनगर, 30 दिसम्बर (बु.)। राष्ट्रीय हिन्दू शक्ति संगठन ने नगर क्षेत्र की जनसमस्याओं को लेकर डीएम उमेश मिश्रा से मुलाकात की। संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला सरिता शर्मा अरोड़ा के नेतृत्व में प्रशासन को सौंपे ज्ञापन में नगर के मुख्य मार्गों की खराब सड़कों विशेषकर अंसारी रोड पर टूटी व खराब सड़कों के साथ उनके बीच में बने डिवाइडर से होते एक्सीडेंट व शहर में जाम की समस्या का निदान कराने की मांग की। इसके साथ महावीर चौक पर अस्थाई बस स्टैंड, सर्दी के समय में शिव चौक को छोड़कर अन्य स्थानों पर अलाव न जलाने आदि तमाम समस्याओं से अवगत कराया।
राष्ट्रीय हिन्दू शक्ति संगठन के प्रतिनिधिमंडल को डीएम उमेश मिश्रा ने आश्वासन दिया कि शीघ्र इन समस्याओं का समाधान किया जाएगा। संगठन द्वारा डीएम को सौंपे ज्ञापन में कहा गया कि नगर की मुख्य सड़क अंसारी रोड की खराब स्थिति व बड़े-बड़े गड्ढे होने के कारण रोज वाहन चालकों के साथ में पैदल चलना मुश्किल हो गया है। वहीं अंसारी रोड पर बीच में डिवाइडर और साइड में बिजली के खंभे होने के कारण दुर्घटना होने को रोके जाने के लिए कदम उठाए जाने की मांग की। नगर में कड़ाके की सर्दी के दौरान सिर्फ शिव चौक के अलावा कहीं भी अलाव की व्यवस्था न होने की बात भी की। जिस कारण से गरीब व्यक्तियों को कड़ाके की ठंड में मदद नहीं मिलने का दावा किया। इसके अलावा महावीर चौक पर अस्थाई बस अड्डा बनाए जाने को वहां पर हर समय जाम की स्थिति होने की बात की, जिससे यहां हमेशा दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। संगठन ने यहां से बस अड्डा हटाकर कहीं और किए जाने की मांग की। वहीं कहा गया कि रामपुरी में नए पीर से शहाबुद्दीनपुर रोड एवं लिंक रोड स्थित विजय के मकान से शिव मंदिर तक सड़क की खस्ता हालत को सुधारने के साथ अधिकतर मुख्य चौराहों पर जाम व अतिक्रमण की स्थिति खराब है जाम व अतिक्रमण से क्षेत्र की जनता को छुटकारा दिलाया जाए। इस दौरान मुख्य रूप से प्रवीण जैन, सोनू महेश्वरी, प्रमोद वर्मा, नवीन त्यागी, सचिन वर्मा, अरुण वर्मा, संजीव शर्मा, राजकुमार गर्ग आदि मौजूद रहे।

## शपथ से पहले ट्रंप पर पांच मिलियन डालर का जुर्माना

वाशिंगटन, 30 दिसंबर (एजेंसी)। अमेरिका में जो बाइडन के बाद डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति बनने की तैयारी कर रहे हैं। 20 जनवरी, 2024 को उन्हें शपथ लेनी है। इससे पहले उन्होंने संघीय अपील अदालत से झटका लगा है। कोर्ट ने उनकी उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने खुद को दोषमुक्त करार देने की अपील की थी। अपील खारिज होने के बाद ट्रंप पर 5 मिलियन अमेरिकी डॉलर का जुर्माना बरकरार रहेगा। इसके अलावा अपीलीय अदालत ने उन्हें यौन शोषण मामले में भी दोषमुक्त करार देने से इनकार कर दिया। समाचार एजेंसी एपी की रिपोर्ट के मुताबिक जिस मामले में ट्रंप की अपील खारिज हुई है यह 1990 के दशक का है। जूरी ने ट्रंप को 90 के दशक के मध्य में उच्चस्तरीय डिपार्टमेंट स्टोर के ड्रेसिंग रूम में कॉलम लिखने वाली महिला का यौन शोषण करने का दोषी पाया है।

## आईसीसी सर्वश्रेष्ठ टेस्ट खिलाड़ी की सूची में बुमराह हुए शामिल



दुबई, 30 दिसंबर (एजेंसी)। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने साल के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट खिलाड़ी की नामांकन सूची जारी की है जिसमें भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट शामिल हैं। बुमराह पिछले कुछ समय से टेस्ट प्रारूप में शानदार लय में दिख रहे हैं और वह यह पुरस्कार जीतने के प्रबल दावेदार हैं। मालूम हो कि बुमराह को साल के सर्वश्रेष्ठ टी20 खिलाड़ी की नामांकन सूची में जगह नहीं मिली थी।

## करंट की चपेट में आने से 12वीं के छात्र की मौत, गांव में पसरा मातम

बुलंदशहर, 30 दिसंबर (एजेंसी)। जहांगीरपुर क्षेत्र के रखेड़ा गांव में रविवार रात को बिजली के तार ठीक करते समय 12वीं कक्षा का छात्र करंट की चपेट में आ गया, जिसमें छात्र की मौत हो गई। वहीं परिजनों ने बिना पुलिस कार्रवाई के छात्र का अंतिम संस्कार कर दिया। वहीं घटना के बाद से गांव में मातम पसरा हुआ है। रखेड़ा गांव निवासी अमरपाल ने बताया कि उनका 18 वर्षीय बेटा संजीव कुमार नजदीकी एनएस पब्लिक स्कूल में 12वीं कक्षा में पढ़ता था। रविवार रात को घर में अचानक बिजली चली गई थी। इसी के चलते संजीव मीटर के पास कनेक्शन देखने चले गया।

## 50 मीटर फ्री पिस्टल स्पर्धा में हैदर ने रजत पदक जीता, खतौली मोड़ पर शूटर का स्वागत



बुढ़ाना, 30 दिसम्बर (बु.)। ब्लॉक क्षेत्र की सफीपुर पट्टी में आज सोमवार की दोपहर ढोल की थाप पर शूटर हैदर अंसारी का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। शूटर हैदर अंसारी ने पूरे देश में उत्तर प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने नई दिल्ली में चल रही 67वीं शूटिंग चैम्पियनशिप में 50 मीटर में फ्री पिस्टल सीनियर मैन इंडिविजुअल स्पर्धा में रजत पदक जीतकर बुढ़ाना क्षेत्र का भी नाम रोशन किया है। अब वे खेल कोटे से पुलिस अधिकारी बन सकेंगे और अगले वर्ष केंद्र सरकार के खर्चे पर विदेश में खेलने जाएंगे। इससे पहले शूटर हैदर अंसारी का स्वागत बुढ़ाना ब्लॉक क्षेत्र के गांव भसाना में खतौली मोड़ पर फूल मालाओं से किया गया। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से राष्ट्रीय निशानेबाज विपुल, डीसीडीएफ के पूर्व चैयरमेन सुबोध त्यागी, जमीयत उलेमा हिंद के जिला मीडिया प्रभारी मुहम्मद आसिफ कुरैशी, एडवोकेट एहतशाम सिद्दीकी, युवराज, देवांश, अर्जुन, रहमान, कृष्ण दत्त त्यागी, युवा रालोद जिला अध्यक्ष गज्जू पठान, पहलवान कुलदीप बालियान, सपा नेता नवाब इम्तियाज, तनवीर कुरैशी, इनाम कुरैशी, डॉक्टर गुलशेर अंसारी, डाक्टर नौशाद अंसारी, गुलफाम अंसारी और अफसर अहमद सहित अन्य सैकड़ों गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति देखने को मिली। हैदर अंसारी एचीवर शूटिंग एकेडमी के शूटर हैं।

## आज परमधाम दर्शन श्री राज भव्य विशाल सत्संग समारोह में होंगे भजन और प्रवचन

मुजफ्फरनगर, 30 दिसम्बर (बु.)। श्री सतगुरू रामरतन पार ब्रह्म दरबार ट्रस्ट अध्यक्ष आचार्य राकेश पांचाल ने बताया कि श्री सतगुरू रामरतन पारब्रह्म दरबार मुजफ्फरनगर में नववर्ष के शुभ अवसर पर परमधाम दर्शन श्री राज भव्य विशाल सत्संग समारोह का आयोजन मंगलवार से बड़ी धूमधाम से किया जा रहा है जिसमें श्री कुलजम स्वरूप की वाणी व श्री सतगुरु रामरतन साहेब जी की बीतक साहेब वाणी चर्चा, भजन एवं प्रवचन का मुख्य आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम आयोजन सायं 2 बजे से प्रारम्भ होकर पूर्ण रात्रि तक रहेगा। वहीं एक जनवरी को प्रातः 9 बजे सत्संग समारोह शुरू होगा। कार्यक्रम समापन के बाद भण्डारे का आयोजन होगा।

## इसरो की अंतरिक्ष में ऐतिहासिक छलांग, स्पैडेक्स मिशन की सफल लॉन्चिंग

नई दिल्ली, 30 दिसंबर (एजेंसी)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने सोमवार रात 10 बजे अपने स्पैडेक्स मिशन को लॉन्च किया। मिशन को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (एसडीएससी) से लॉन्च किया गया। इसके लिए इसरो के पीएसएलवी-सी60 रॉकेट का इस्तेमाल किया गया है। इस मिशन की सफलता के बाद भारत दुनिया के चुनिंदा देशों अमेरिका, रूस और चीन के विशेष क्लब में शामिल हो जाएगा। इन देशों के पास ही अभी बाहरी अंतरिक्ष में दो अंतरिक्ष यान या उपग्रहों को डॉक (जोड़ने) और अनडॉक (अलग) की क्षमता है। यह इसरो का इस साल का आखिरी मिशन है। इसकी कामयाबी भारतीय अंतरिक्ष केंद्र और मानव अंतरिक्ष उड़ानों के लिए अहम साबित होगी। इसरो के अनुसार, स्पैडेक्स मिशन का उद्देश्य अंतरिक्ष में अंतरिक्ष यान को डॉक (एक यान से दूसरे यान के जुड़ने) करने और अनडॉक (अंतरिक्ष में जुड़े दो यानों के अलग होने) करने के लिए आवश्यक प्रौद्योगिकी का विकास और प्रदर्शन करना है। स्पैडेक्स मिशन पीएसएलवी की ओर से प्रक्षेपित दो छोटे अंतरिक्ष यान का उपयोग कर अंतरिक्ष में डॉकिंग के प्रदर्शन के लिए लागत प्रभावी प्रौद्योगिकी प्रदर्शन मिशन है। अंतरिक्ष में डॉकिंग प्रौद्योगिकी की तब जरूरत होती है जब साझा मिशन उद्देश्यों को हासिल करने के लिए कई रॉकेट प्रक्षेपित करने की जरूरत होती है।

## पुलिस चौकी के पास गौकशी के कारण मुरादाबाद में तनाव

### गुस्साई भीड़ ने एक आरोपी को पकड़कर जमकर पीटा

मुरादाबाद, 30 दिसंबर (एजेंसी)। मझोला थाने की मंडी समिति चौकी के पास गोकशी की घटना को अंजाम दे रहे आरोपियों को लोगों ने घेर लिया। तीन आरोपी मौके से भाग गए जबकि एक आरोपी शाहेदीन को लोगों ने पकड़ लिया। इसके बाद उसकी जमकर पिटाई कर दी।
जानकारी पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने इस मामले में शाहेदीन और उसके साथियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस चौकी के पास गोकशी की यह तीसरी घटना सामने आई है। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि रविवार देर रात करीब तीन बजे मंडी समिति परिसर में घूम रहे छुट्टा गोवंशीय पशु को कुछ लोग घेरकर अंधेरे की ओर ले गए और उसको काट दिया। इसकी भनक लगते ही लोग इकट्ठा हो गए। उन्होंने आरोपियों को घेरने की कोशिश की। इसी बीच तीन आरोपी मौके से भाग निकले जबकि एक आरोपी को लोगों ने पकड़ लिया। लोगों ने उसकी पिटाई कर दी, जिसमें वह घायल हो गया। लोगों की सूचना पर ही पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और घायल को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम गलशहीद के असालतपुरा निवासी शाहेदीन बताया। घायल आरोपी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसपी सिटी ने बताया कि शाहेदीन और उसके साथियों के खिलाफ गोकशी के आरोप में केस दर्ज किया गया है।

## चंद्रबाबू नायडू सबसे अमीर मुख्यमंत्री, ममता के पास हैं सिर्फ 15 लाख रुपए

नई दिल्ली, 30 दिसंबर (एजेंसी)। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) द्वारा सोमवार को एक रिपोर्ट जारी कर देश के सबसे अमीर मुख्यमंत्री और सबसे कम संपत्ति रखने वाले मुख्यमंत्री का डेटा जारी किया है। एडीआर के मुताबिक,आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू 931 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति के साथ भारत के सबसे अमीर मुख्यमंत्री हैं, जबकि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सिर्फ 15 लाख रुपये की संपत्ति के साथ सबसे कम संपत्ति वाली मुख्यमंत्री हैं। एडीआर ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि, प्रति मुख्यमंत्री की औसत संपत्ति 52.59 करोड़ रुपये है। भारत की प्रति व्यक्ति शुद्ध राष्ट्रीय आय 2023-2024 में लगभग 1,85,854 रुपये थी, जबकि एक मुख्यमंत्री की औसत आमदनी 13,64,310 रुपये है, जो भारत की औसत प्रति व्यक्ति आय का लगभग 7.3 गुना है। एडीआर के डेटा के मुताबिक, देश के 31 मुख्यमंत्रियों की कुल संपत्ति 1,630 करोड़ रुपये है। एडीआर की ओर से जारी जानकारी के मुताबिक, अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू 332 करोड़ रुपये से अधिक की कुल संपत्ति के साथ दूसरे सबसे अमीर मुख्यमंत्री हैं।

## NAME CHANGE

We are changing our daughter Zanab, D/o Mohammad Shamun, H.No-418 Ambheta Shekha Deoband, Saharanpur U.P. 247554, have changed name to Zainab.

## NAME CHANGE

I, Rekha Rani Goel W/o Rajeev Kumar Goel, resident of H.N. 943, Rampuram, Muzaffarnagar Uttar Pradesh-251002, have changed my name from Rekha Goel to Rekha Rani Goel. Henceforth, I would be known by the name of Rekha Rani Goel for all future purposes.

## NAME CHANGE

I, Rajeev Kumar Goel S/o Somdutt Goel as known as Shyam Lal Goel, resident of H.N. 943, Yogendrapuri, Muzaffarnagar Uttar Pradesh -251001, have changed my name from Rajiv Kumar Goel to Rajeev Kumar Goel. Henceforth, I would be known by the name of Rajeev Kumar Goel for all future purposes.

## खोया सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल मौहम्मद नदीम पुत्र मौ0 नसीम का चैन का एक रजिस्टर्ड इकरारनामा दिनांक 29/04/2000 क्रमांक 2057 कहीं खो गया है। किसी को मिले तो निम्न नम्बर पर सम्पर्क करें।
राजन सिंघल एडवोकेट
मो. 9412807300

# शाहपुर के आतंकी बंदरों में पिंजरे की दहशत, इंसानों को मिला रहा बड़ा सुकून

## तीन दिन में पकड़े गए 340 बंदर, पकड़े गए बंदरों को रामराज-हस्तिनापुर क्षेत्र में छोड़ा, नगर वासियों ने ली राहत की सांस

शाहपुर, 30 दिसम्बर (बु.)। नगर में बंदरों का आतंक किसी से छिपा नहीं है। बंदरों के हमले में आर्थिक नुकसान तो हो ही रहा है, साथ ही साथ लोगों की जान का भी नुकसान हुआ है। जनपद में कई ऐसी दुर्घटनाएं घटित हो चुकी हैं, जिसमें बंदरों के हमले में महिला अथवा पुरुष को जान भी गंवानी पड़ी है। बंदरों के झुंड के कारण शाहपुर में रास्ते बंद हो जाते हैं। लंबे समय से बंदरों को पकड़वाने की मांग की जाती रही है। आखिरकार नगर पंचायत अध्यक्ष हाजी अकरम कुरैशी एवं अधिशासी अधिकारी दीपक कुमार ने नागरिकों और नगर पंचायत बोर्ड के सदस्यों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए अभियान प्रारंभ कराया है। तीन दिन पहले मथुरा से मंकी कैचर टीम बुलाई गई है, जो प्रतिदिन अलग-अलग स्थान पर जाल लगाकर बंदर पड़ रही है। शाहपुर में मंकी कैचर टीम ने सोमवार को तीसरे दिन भी अपना अभियान जारी रखी। अकेले पैठ मैदान में जाल लगाकर 138 बंदर पकड़े, यह टीम तीन दिन के अपने अभियान में अब तक कुल 340 बंदर पकड़ चुकी है। इससे पूर्व चेयरमैन अकरम कुरैशी के नेतृत्व में नगर पंचायत द्वारा बंदरों को पकड़वाने का अभियान शुरू किया गया था और मंकी कैचर टीम ने पहले दिन 46 बंदर पकड़े थे। मंकी कैचर टीम ने दूसरे दिन मोहल्ला महाजनान एवं तेलियान से कुल 156 बंदर पकड़े। चेयरमैन अकरम कुरैशी एवं अधिशासी अधिकारी दीपक कुमार ने बताया कि बंदर पकड़ने का अभियान लगातार जारी रहेगा। नगर पंचायत के अभियान से कस्बा वासी राहत की सांस ले रहे हैं। एक बंदर को पकड़ने में नगर पंचायत का 380 रुपए खर्च आ रहा है। पकड़े गए बंदरों को रामराज और हस्तिनापुर क्षेत्र में छोड़ा जा रहा है। नगर पंचायत के अधिकारियों का कहना है कि अभियान लगातार जारी रहेगा। नगर पंचायत के सूत्रों ने बताया कि बंदर पकड़ने के अभियान के बाद शाहपुर में आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए भी टीम बुलाई जाएगी तथा आवारा कुत्तों को पकड़ा जाएगा। नगरवासी मंकी कैचर टीम के आने की मुक्त कंठ से प्रशंसा कर रहे हैं।



## प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त कर जुर्माना वसूला, ईओ ने सड़कों पर उतर दुकानदारों से किया संवाद



बुढ़ाना, 30 दिसम्बर (बु.)। नगर पंचायत बुढ़ाना द्वारा सोमवार के दिन प्रतिबन्धित पॉलीथीन और सिंगल यूज प्लास्टिक के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान प्रतिबंधित पॉलीथिन का उपयोग करने वाले कुछ दुकानदारों में भगदड़ सी मच गयी और वे टीम को बाजार में देखकर अपनी अपनी दुकानों से प्रतिबंधित पॉलीथिन को हटाते हुए नजर आए। आज चलाये गये इस विशेष अभियान में बुढ़ाना नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी आलोक रंजन ने बुढ़ाना नगर पंचायत के कर्मचारियों और पुलिसबल को साथ लेकर सुबह से ही उक्त अभियान की जोरों शोरों से शुरूआत की। इस अभियान के दौरान 05 किलोग्राम पॉलीथीन एक दुकानदार से जब्त करते हुए उससे 19 सौ रुपए का अर्थदण्ड वसूल किया गया और भविष्य में चेतावनी भी जारी की गयी कि वह आईंदा प्रतिबंधित पॉलीथिन का प्रयोग नहीं करेगा। बुढ़ाना नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी आलोक रंजन द्वारा यहां पर बताया गया कि सिंगल यूज प्लास्टिक पूर्णतया प्रतिबन्धित है, इसलिए सभी नगरवासियों को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। इस दौरान अभियान में मुख्य रूप से शाहआलम, सुमित शर्मा और सुधीर कुमार सहित अन्य नगर पंचायत कर्मचारी मौजूद रहे।



1973-2024

सम्पादक की क़लम से

## अखिलेश यादव और सीएम आवास

अखिलेश यादव अब बयानों के जरिये ही सियासत कर रहे हैं। कभी एक्स पर पोस्ट करते हैं, कभी प्रेस कांफ्रेंस करते हैं, कभी किसी पत्रकार को इंटरव्यू देते हैं। इस समय वे खुदाई और महाकुम्भ पर बयान दे रहे हैं। सीएम आवास में खुदाई होनी चाहिए, यह उनका नया बयान है, जो काफी वायरल हो रहा है। उनके हर बयान पर उन्हें जवाब भी मिल रहे हैं। अखिलेश यादव ने सीएम आवास के नीचे शिवलिंग वाला बयान देकर खुदाई के मुद्दे को गरमा दिया है। अखिलेश यादव के इस बयान को अल्पसंख्यक राजनीति को साधने की रणनीति के तौर पर देखा जा रहा है। भाजपा इस बयान पर हमलावर होती दिख रही है। अखिलेश यादव ने सीएम आवास में शिवलिंग होने का दावा किया है। अखिलेश यादव के बयान के बाद कुछ विधायकों की ओर से भी इस संबंध में बयान सामने आए हैं। मुख्यमन्त्री आवास के नीचे शिवलिंग के दावे ने यूपी की राजनीति में एक नए विवाद को जन्म दे दिया है। इस मामले में अखिलेश यादव,योगी आदित्यनाथ सरकार से खुदाई की मांग करते दिख रहे हैं। अखिलेश यादव की इस राजनीति को पीडीए यानी पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक पॉलिटिक्स से भी जोड़कर देखा जा रहा है। दावा किया जा रहा है कि अखिलेश यादव अल्पसंख्यक वोट बैंक को साधने के लिए इस मुद्दे को जोरदार तरीके से उठाते दिख रहे हैं। भाजपा नेता भी उनके बयानों पर तंज कसने में पीछे नहीं हैं। अखिलेश के बयान पर भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने करारा हमला बोला है। उन्होंने अखिलेश यादव पर राम भक्तों का मजाक उड़ाने का आरोप लगाया। शहजाद ने कहा कि अखिलेश यादव सनातन धर्म का अपमान कर रहे हैं। उन्होंने हमेशा हिंदू आस्था और धार्मिक प्रतीकों का मजाक उड़ाया है। अब वे शिवलिंग पर टिप्पणी कर रहे हैं। भाजपा नेता ने कहा कि अखिलेश यादव ने मठाधीशों को माफिया कहा था और सनातन धर्म को धोखा बताया था। अब वे वोट बैंक को साधने के लिए हिंदू आस्था पर चोट कर रहे हैं। शहजाद पूनावाला का कहना है कि सैफई में बॉलीवुड कलाकारों को बुलाने के लिए निमंत्रण की जरूरत थी। सैफई महोत्सव पर करोड़ों रुपये खर्च किए गए। आज जब महाकुंभ पूरी दुनिया में चर्चा का विषय है, तो हर आए दिन महाकुम्भ को लेकर बेबुनियाद टिप्पणियाँ की जाती हैं। कभी उन्हें शिवलिंग का मजाक उड़ाना पड़ता है, कभी उन्हें महाकुंभ का मजाक उड़ाना पड़ता है। अखिलेश यादव ने संभल मामले को लेकर हमला बोला था। उन्होंने कहा था कि जिस प्रकार से खुदाई कराई जा रही है, वह देश के सौहार्द्र और आपसी भाईचारा को खोद कर रख देगा। अखिलेश यादव के इस बयान के बाद संभल के मुद्दे को खूब राजनीतिक हवा दी गई। संभल में प्रशासन की ओर से कई स्थानों पर खुदाई में हिंदू मंदिर और ऐतिहासिक महत्व वाली संरचनाएं मिली हैं। कई पुराने कुओं को खोदा जा रहा है। उन्हें नया जीवन दिया जा रहा है। जमीन के भीतर चली गई बावड़ियों की भी खुदाई कराई जा रही है। अखिलेश यादव ने अपने बयान में कहा है कि अगर खुदाई हो रही है, तो मुख्यमन्त्री आवास में भी ये प्रक्रिया होनी चाहिए, क्योंकि वहां शिवलिंग की उपस्थिति का उनके अनुसार कोई न कोई सबूत हो सकता है। अखिलेश ने कहा कि सीएम आवास के नीचे शिवलिंग है। हमारी यह जानकारी है। इसकी भी खुदाई कराई जानी चाहिए। अखिलेश ने कहा कि सरकार जानबूझकर ध्यान भटकाने के नए-नए तरीके खोज रही है। जगह-जगह खुदाई कराई जा रही है। उनके हाथ में विकास की नहीं, विनाश की रेखा है। अखिलेश के बयान पर उन्नाव सांसद साक्षी महाराज ने पलटवार किया है। अखिलेश के इस बयान पर साक्षी महाराज ने तीखा जवाब देते हुए कहा कि अगर अखिलेश के इटावा स्थित घर की खुदाई की जाए, तो वहां भी शिवलिंग मिल सकते हैं। साक्षी महाराज ने यह बयान उन्नाव में एक कार्यक्रम में दिया। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव को अपनी राजनीतिक बयानबाजी से पहले यह सोचना चाहिए कि उनके ही क्षेत्र इटावा में अगर खुदाई की जाए, तो वहां भी शिवलिंग निकलेगा। साक्षी ने आगे कहा कि शिवलिंग का कोई संबंध किसी विशेष स्थान से नहीं होता, बल्कि यह भारतीय संस्कृति और धर्म का प्रतीक है, जो हर जगह मौजूद हो सकता है। अखिलेश यादव का बयान जहां राजनीति में एक नया विवाद उत्पन्न करने वाला साबित हुआ, वहीं साक्षी महाराज ने इसे एक सांस्कृतिक और धार्मिक मुद्दा भी बना दिया। उनका कहना था कि शिवलिंग भारतीय संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है और ऐसे बयान देने से किसी भी धर्म और संस्कृति को अपमानित नहीं किया जाना चाहिए। साक्षी महाराज ने यह भी कहा कि अखिलेश यादव के बयान से यह सिद्ध होता है कि वह हिन्दू धर्म के प्रतीकों और प्रतीकात्मकताओं का सम्मान नहीं करते। उनके अनुसार, अखिलेश यादव के इस तरह के बयान से उनकी राजनीति की दिशा और उद्देश्य साफ हो जाता है। साक्षी महाराज ने यह भी कहा कि भाजपा हमेशा हिन्दू धर्म, संस्कृति और धार्मिक प्रतीकों का सम्मान करती है, जबकि विपक्षी दलों के नेता ऐसे प्रतीकों का मजाक उड़ाते हैं। अयोध्या में कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने भी अखिलेश यादव पर हमला बोला। राजभर ने कहा कि उनका मुस्लिम वोट बैंक खिसक न जाए, इसलिए वे अनर्गल बयान दे रहे हैं। अगर उन्हें पहले से पता था कि मुख्यमन्त्री आवास के नीचे शिवलिंग है, तो उन्होंने तब खुदाई क्यों नहीं कराई, जब वह मुख्यमंत्री थे? उन्होंने कहा कि सपा का एक ही मकसद है कि मुस्लिम उनसे जुड़ा रहे। वो उनके वोट का इस्तेमाल करते रहें और उनके हक अधिकार को लूटते रहें। 04 बार की सपा सरकार में मुस्लिमों को सोचना चाहिए कि मोदी और योगी सरकार में आजादी के बाद पहली बार मुसलमानों के 51 बच्चे आईएएस में पास हुए। अखिलेश के बयान पर पूर्व सांसद सुब्रत पाठक ने तंज कसा, कहा कि सीएम आवास की पहले ही खुदाई हो चुकी है। अखिलेश के समय वहां मजार बनी थी। हमारी सरकार आने के बाद उसकी खुदाई हुई। अखिलेश के कुंभ वाले बयान पर भाजपा सांसद दिनेश शर्मा ने कहा कि अखिलेश यादव ने अपने कार्यकाल में हुए कुम्भ में लोगों को आमंत्रित नहीं किया, यह उनकी कर्तव्यहीनता थी। उन्हें ऐसा करना चाहिए था, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। उनकी पिछली सरकारें नहीं चाहती थीं कि लोग आएं, लेकिन कुम्भ हजारों साल पुराना है, लोग आते थे। अब कुम्भ में जो नई व्यवस्थाएं की जा रही हैं, उसे देखकर पूरी दुनिया हैरान है, सरकार ने इतनी बड़ी व्यवस्था की है, इतने रिकॉर्ड टूटे हैं। मैं कहूंगा सरकार साधुवाद की पात्र है।

### चार तीर

सुनील उत्सव

**'चिन्ता' 'दल' 'जाहिलना' 'बात'**

हार की चिन्ता नहीं है, दल की भी चिन्ता नहीं,
जाहिलना बात करके भी सियासत चल रही।
चोर, झूटा या फरेबी जग कहे, कहता रहे,
अहमकाना बात करके भी सियासत चल रही।

## सीएमओ ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मखियाली का औचक निरीक्षण किया

**- समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी अपनी कार्यशैली की गुणवत्ता को और अधिक सुधारने का प्रयास करें।**

**मुजफ्फरनगर, 30 दिसम्बर (बुस.)।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया के द्वारा आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मखियाली का औचक निरीक्षण किया गया, जहां पर उनके द्वारा स्वास्थ्य केंद्र का गहनता के साथ निरीक्षण कर प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया के द्वारा आज सामुदायिक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मखियाली का निरीक्षण करते हुए स्वास्थ्य केंद्र के समस्त अधिकारी और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वह अपनी कार्यशैली की गुणवत्ता को और अधिक सुधारने का प्रयास करें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में वैक्सीन कोल्ड चेन, औषधियों के रखरखाव, उपस्थिति पंजिका, आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अनु चौधरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की साफ सफाई व्यवस्था को और अधिक दुरुस्त करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रैन बसेरा की उचित व्यवस्था के लिए भी निर्देशित किया। उन्होंने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को ससमय उपस्थित होकर पूरी निष्ठा और लगन से कार्य करने के लिए निर्देशित किया। निरीक्षण के समय उनके साथ मनोज कुमार भी उपस्थित रहे।



## जाट महासभा ने दी चेतावनी, समस्या निदान न होने पर 20 को करेंगे मूर्ति का अनावरण

**मुजफ्फरनगर, 30 दिसम्बर (बु.)।** जनपद के बुढ़ाना क्षेत्र के गांव परासौली में भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौ. चरण सिंह की प्रतिमा के दशकों बाद भी अनावरण न होने को लेकर विरोध के स्वर मुखर होने लगे हैं। क्षेत्रीय लोगों के विरोध के बाद सोमवार को जनपद जाट महासभा इकाई ने डीएम दरबार पहुंच विरोध दर्ज कराया। इस दौरान डीएम को सौंपे शिकायती पत्र में जनपद चेतावनी दी कि जाट महासभा ने शासन-प्रशासन द्वारा कोई सकारात्मक पहल न होने की दिशा में 20 जनवरी को स्वयं ही पूर्व प्रधानमंत्री की प्रतिमा का अनावरण कर दिया जाएगा। सोमवार को जनपद जाट महासभा के दर्जनों पदाधिकारियों ने अध्यक्ष धर्मवीर बालियान के नेतृत्व में डीएम उमेश मिश्रा से मुलाकात की और उन्हें पूर्व पीएम स्व. चौ. चरण सिंह की प्रतिमा की दुर्दशा से अवगत कराते हुए इस दिशा में संज्ञान लेने की मांग की। जिलाध्यक्ष धर्मवीर बालियान ने बताया कि बुढ़ाना तहसील के गांव परासौली में हिंडन कृष्णा दोआबा नहर प्रणाली का लोकार्पण 15 जनवरी 2004 को तत्कालीन सिंचाई मंत्री अनुराधा चौधरी ने किया था। जहां पर विभाग द्वारा ही एक वाटिका का निर्माण कर उसमें चौ. चरण सिंह जी की मूर्ति स्थापित की गई थी। उन्होंने बताया कि लोवर खंड की जमीन पर स्थापित होने के चलते विभाग फैसला करेगा, लेकिन इसमें 20 वर्ष बाद आज तक भी अन्तिम फैसला नहीं हो सका, जिस कारण यहां किसान मसीहा स्व. चौधरी चरण सिंह की उक्त मूर्ति का अनावरण आज तक भी नहीं हो सका। उन्होंने कहा कि ऐसी महान शख्सियत किसान मसीहा की मूर्ति विभाग की अनदेखी व उपेक्षा के कारण आज तक पन्नी में लिपटी हुई है जिस कारण चौधरी साहब के अनुयायियों व खासतौर पर जाट समाज में भारी रोष है। जनपद जाट महासभा शासन व प्रशासन से मांग करती है कि उक्त मूर्ति अनावरण में यदि किसी विभाग की कोई कानूनी बाधा है तो उसका निवारण कराकर मूर्ति का विधिवत अनावरण कराया जाए। यदि ज्ञापन के बाद भी सरकार ने कोई कार्यवाही नहीं की, तो फिर जनपद जाट महासभा इसमें स्वयं अगवानी करते हुए 20 जनवरी को चौधरी साहब की मूर्ति का अनावरण करने का कार्य करेगी। इस दौरान बड़ी संख्या में महासभा के पदाधिकारी मौजूद रहे।



## शाहपुरवासियों के लिए गुड न्यूज: चेयरमैन के प्रयास से शाहपुर को 6 करोड़ की सौगात

**- 02 करोड़ पेयजल, 3 करोड़ सड़कों एवं एक करोड़ से दो तालाबों का होगा सौंदर्यीकरण**

**- नगर विकास मंत्री ने अकरम कुरैशी की मांग को दी हरी झंडी**

**शाहपुर, 30 दिसम्बर (बु.)।** नगर पंचायत शाहपुर में होगी विकास कार्यों की बौछार। नगर पंचायत अध्यक्ष हाजी अकरम कुरैशी हाल ही में नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा से शाहपुर के विकास कार्यों के संबंध में मिले थे। ए.के. शर्मा ने नगर पंचायत शाहपुर को सौगात के रूप में जल निकासी के लिए 02 करोड़, पेयजल के लिए एक करोड़ एवं विभिन्न सड़क परियोजनाओं के लिए 03 करोड़ रुपए आवंटित किए, जिससे नगर पंचायत शाहपुर के विकास कार्यों में और तेजी आएगी। जल्द ही शाहपुर में दो अमृत सरोवर के कार्य भी आरंभ होंगे। मियां वाले तालाब का होगा सौंदर्यीकरण एवं ढाका वाले तालाब की सफाई का कार्य जल्द आरंभ होगा। इसके साथ ही चेयरमैन हाजी अकरम कुरैशी ने शाहपुर क्षेत्र से इकट्ठा होने वाले कूड़े के निस्तारण हेतु डंपिंग ग्राउंड में कूड़े से प्लास्टिक एवं अन्य सामान अलग करने के लिए एक मशीन भी खरीदी है, जो कूड़े से खाद बनाने का कार्य करेगी। इसके साथ-साथ नगर पंचायत अध्यक्ष हाजी अकरम कुरैशी ने बताया कि एक नई जेसीबी मशीन एवं सेप्टिक टैंक की सफाई के लिए भी मशीन खरीदी गई है। अब गड्ढा सफाई के लिए नगर पंचायत कर्मचारी आपकी सेवा में हाजिर रहेंगे। कस्बे की सुरक्षा के लिए नए स्थानों पर 30 नए कैमरे लगाए गए हैं। अब कुल 62 कैमरे शाहपुर के विभिन्न स्थानों पर हैं, ताकि कोई भी आपराधिक घटना हो, तो उसमें अपराध करने वाले आसानी से पकड़े जा सकें। जल्द ही वाई-फाई की सुविधा भी कस्बेवासियों को दी जाएगी।



## जनपद में बढ़ते प्रदूषण के दृष्टिगत कोल्हुओं में प्रतिबंधित ईंधन का प्रयोग न करें

**मुजफ्फरनगर, 30 दिसम्बर (बुस.)।** नगर में आज उप-जिलाधिकारी जानसठ सुबोध कुमार बताया है कि डीएम मुजफ्फरनगर के निर्देशों के क्रम में बढ़ते प्रदूषण के दृष्टिगत एवं ग्राम कम्हेड़ा, थाना ककरौली, तहसील जानसठ में प्रतिबंधित ईंधन जलाये जाने के सम्बन्ध में प्राप्त शिकायत के सम्बन्ध में आज सुबोध कुमार, उप जिलाधिकारी जानसठ द्वारा संध्या शर्मा जेई एवं प्रदूषण विभाग की टीम के साथ ग्राम कम्हेड़ा, थाना ककरौली, तहसील जानसठ में 10 कोल्हुओं का औचक निरीक्षण किया गया, जिनमें से 03 कोल्हुओं में प्रतिबंधित ईंधन जैसे-प्लास्टिक, रबर, पॉलीथीन आदि का प्रयोग किया जा रहा था, जिनको प्रदूषण विभाग की टीम के साथ मौके पर सील करा दिया गया है। अतः तहसील जानसठ क्षेत्रान्तर्गत समस्त कोल्हू संचालकों से अपील की जाती है कि जनपद मुजफ्फरनगर में बढ़ते प्रदूषण के दृष्टिगत कोल्हुओं में प्रतिबंधित ईंधन का प्रयोग न करे।



## शाहपुर में नगर पंचायत ईओ दीपक कुमार ने किया कान्हा गौशाला, रैन-बसेरे का निरीक्षण

**शाहपुर, 30 दिसम्बर (बु.)।** नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी ने कान्हा गौशाला व रैन बसेरे के अलावा अन्य स्थान का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान ईओ ने कहा कि यदि किसी भी कर्मचारी ने लापरवाही बरती तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी दीपक कुमार ने नगर पंचायत की कान्हा गौशाला पहुंचकर पशुओं को ठंड से बचाव व चारे आदि की व्यवस्था का निरीक्षण किया। गौशाला की देखभाल करने वाले कर्मचारियों को गौशाला में बेहतर सफाई व्यवस्था के साथ अन्य निर्देश दिए। इसके अलावा ईओ ने नगर पंचायत के ओवरहेड टैंक पर पहुंचकर परिसर में मौजूद सफाई व्यवस्था के वाहनों का निरीक्षण किया, जिसमें उन्होंने खराब वाहनों की मरम्मत कराने के निर्देश दिए। ईओ ने नगर पंचायत के रैन बसेरा का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि रैन बसेरे में छह महिला-पुरुषों के सर्दी से बचाव से रुकने की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा उन्होंने कस्बे में आधा दर्जन स्थानों पर जलाए जा रहे अलाव के अलावा एमआरएफ सेंटर, डंपिंग ग्राउंड, अमृत सरोवर व सार्वजनिक शौचालय का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कर्मचारियों को हिदायत दी कि यदि किसी भी कर्मचारी ने लापरवाही बरती, तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।



## शिव चौक पर 2024 की अंतिम महाआरती सम्पन्न, रेशू परिवार बना यजमान

**मुजफ्फरनगर, 30 दिसम्बर (बु.)।** वर्ष 2024 के अंतिम सोमवार की महाआरती शिव चौक पर बड़े धूमधाम, हर्ष उल्लास, उत्साह, पुष्प वर्षा, शंखनाथ के साथ भोले बाबा को समर्पित की गई। अंतिम महाआरती का यजमान रेशू परिवार को बनाया गया। अंतिम महाआरती के अवसर पर रजाई, कम्बल, कपड़ों आदि का भी जरूरतमंदों को वितरण किया गया। पंडित सच्चिदानंद, पंडित हिमांशु, पंडित हरीश आदि विद्वान पंडितों ने शिव मूर्ति संचालक मंडल के पदाधिकारियों की उपस्थिति में पूजन-पाठ कराया। वर्ष 2024 कई खुशियां, कई गम देते हुये जहाँ भारत को केन्द्र में मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाया गया, वहीं शिवभक्त भोले की कांवड़ यात्रा को अद्भुत सफलता का वास्तविक रूप दे गया। जिसके उपलक्ष में शिवचौक पर पूरे श्रावण मास प्रत्येक सोमवार को महाआरती हुई, जिसके आयोजन में मुजफ्फरनगर के जन-जन की भागीदारी के लिए रेशू परिवार ने भी प्राथमिकता निभाई थी। मुजफ्फरनगर के शिवचौक की महाआरती पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। यहाँ की शिवमूर्ति की तर्ज पर अनेकों स्थानों पर शिवचौक व शिव महाआरती समय - समय पर होती है। आज की महाआरती में शहर के जनमानस ने भी रेशू परिवार की साथ भगवान भोले शंकर की आरती की। साथ ही मुजफ्फरनगर की जनशक्ति-बौद्धिक शक्ति-धनशक्ति को भारत की विश्व महाशक्ति बनाने के लिए कामनाएँ की। अंतिम महाआरती के अवसर पर सत्यप्रकाश रेशू ने शहीदों को नमन करते हुए श्रद्धांजलि दी व भोले शंकर से शहीदों को अपने चरणों में स्थान देने के लिए गुहार लगाई, ताकि देश के तिरंगे की आन-बान-शान सदैव लहराती रहे। वर्ष 2025 से की जाने वाली आरती के नव निर्मित भव्य दीपक का भी पूजन हुआ। आरती के बाद भगवान भोले शंकर को भोग लगाया गया। प्रसाद वितरण किया गया, जरूरतमंदो को कम्बल, रजाई, कपड़े आदि वितरित किये गये। इस अवसर पर साधना गर्ग, शैल गर्ग, वैभव गुप्ता, दिव्या गुप्ता, मनीष भारती, वर्षिका गर्ग आदि ने भगवान भोले शंकर से प्रार्थना की कि सत्यप्रकाश रेशू द्वारा 140 करोड़ भारतीयों के सम्मान में की गई शोध को वास्तविक रूप दिलाये। घंटे बजे, मंत्रोच्चारण हुआ, जल छिड़काव हुआ व तेज सर्दी में आने वाले वर्ष 2025 को सभी के लिए शुभ मानते हुये भोले के चरणो में सामूहिक नमन हुआ।



## वेदप्रकाश के लड़ाकों का कराटे में जलवा बरकरार विदेशी टीमों को हराकर साउथ एशिया कप जीता

**- 52 खिलाड़ियों ने 48 स्वर्ण सहित 88 पदक जीत रचा इतिहास**

**मुजफ्फरनगर, 30 दिसम्बर (बुस.)।** जिला कराटे एसोसिएशन ऑफ मुजफ्फरनगर के सचिव एवं इंटरनेशनल शितो रियू कराटे एकेडमी ऑफ इंडिया के डायरेक्टर शिहान वेदप्रकाश तथा अकेडमी प्रशिक्षक सैनसाई अभिषेक शर्मा के कुशल नेतृत्व में आर्यपुरी स्थित कराटे एकेडमी से एक 52 सदस्यीय चयनित कराटे टीम ने 27 दिसंबर से 30 दिसंबर तक फरीदाबाद के 5 सितारा होटल में आयोजित तीन दिवसीय साउथ एशिया ओपन कराटे चैंपियनशिप में जबरदस्त एवं दमदार प्रदर्शन करके भारत की टीमों सहित नेपाल, बंगला देश, उज्बेकिस्तान आदि देशों के दिग्गज खिलाड़ियों को भारी शिकस्त देकर 48 स्वर्ण, 24 रजत एवं 16 कांस्य कुल 88 पदक जीतकर इतिहास रचने के साथ ही साउथ एशिया ओपन कराटे चैंपियनशिप का कप जीतकर हमेशा की तरह सर्वश्रेष्ठ होने का जलवा बरकरार रखा। इस अवसर पर नेपाल के कराटे प्रशिक्षक एवं एशियन रेफरी अभिषेक सिंह ने नेपाली टोपी पहना कर वेदप्रकाश को उच्च स्तरीय सम्मान प्रदान किया। अवगत हो शिहान वेदप्रकाश के धुरंधर कराटे खिलाड़ियों ने जहां वर्ष 2022 में इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप में कप जीता था, वहीं उन्होंने वर्ष 2023 में नेशनल कराटे चैंपियनशिप में भी प्रथम स्थान प्राप्त करके नेशनल कप पर कब्जा किया था। अब श्री शर्मा की टीम ने साउथ एशिया कप जीतकर विश्व स्तर पर भारत देश का नाम रोशन करने के साथ ही निरंतर जीत हासिल कर कराटे खेल की दुनिया में एक अलग मुकाम हासिल किया है। इस विशाल कार्यक्रम में वेदप्रकाश के सुपुत्र सैनसाई तुषार शर्मा ने मंच का सफल संचालन किया। गत दिनों ही मुजफ्फरनगर कराटे टीम को सांसद हरेंद्र मलिक ने साउथ एशिया कराटे चैंपियनशिप कप जीतने की शुभकामनाओं सहित विदा किया था।





## पाइप डालने के बाद भी कई कई माह बाद भी नहीं सुधर रही रास्तों की हालत

**- नगर के मेन मार्किट बाजार का रास्ता भी नही हो रहा है सही**

**चरथावल, 30 दिसम्बर (बु.)।** जहाँ पूरे देश प्रदेश में पाइप लाइन डालने का कार्य पिछले काफी दिनों से हो रहा है और देश की सरकार प्रत्येक देशवासी को सुचारु रूप से जल देना चाहती है और इसी कड़ी में सरकार चाहती है कि प्रत्येक देशवासी को सुलभ जल मिल सके और जल का दुरूपयोग भी न हो, इसीलिए पूरे देश में गांव गांव पाइप लाइन डालने का कार्य पिछले कई वर्षो से चल रहा है। इसी कड़ी में गांव-गांव जल की टंकियों का निर्माण भी प्रत्येक ग्राम पंचायत में किया जा रहा है, वहीं इस योजना से जहाँ जल का दुरूपयोग भी बचेगा और घर-घर में सबमरसेबिलों पर भी रोक लगेगी। चरथावल नगर में जहाँ पाइप लाइन डालने के बाद रास्तों की हालत खराब हो चुकी है। हालत यह है कि कई नगर के रास्तों से गुजरना दुभर हो चुका है और कई स्कूली बच्चों को गंभीर चोट भी लग चुकी है। नगरवासियों का घरों से निकलना बेहद मुश्किल काम हो चुका है और किसानों को अपने जंगलों में अपने वाहनों को ले जाना भी बहुत मुश्किल हो चुका है। हालत यह है कि कई माह पूर्व पाइप लाइन डालने के बाद भी रास्तों को ठीक नहीं किया जा रहा है। नगर के मुख्य बाजार का रास्ता पाइप लाइन डालने के बाद भी खराब हालत में पड़ा है। मुख्य बाजार होने के कारण जहाँ बाजार में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी बाजार में खरीदारी करने जाते हैं, वहीं ठेकेदार की हठधर्मिता के कारण नगरवासियों को नगर के रास्तों से चलना बड़ा मुश्किल कार्य हो चुका है। क्या ठेकेदार पर कोई समय सीमा लागू नहीं होती। कारण चाहे कुछ भी हो, लेकिन नगर में रास्तों की खराब हालत के चलते नगरवासी व क्षेत्रवासी बेहद परेशान हो चुके हैं और घरों से अपने वाहनों को निकालने से भी बच रहे हैं।





आवश्यकता है
दिल्ली हरिद्वार हाईवे पर गोकुल सिटी के पास स्थित रेस्टोरेंट के लिए एक कुक की आवश्यकता है, जो सभी प्रकार के शाकाहारी भोजन बना सके। अनुभवी को प्राथमिकता दी जाएगी। अपना बायोडाटा इस नंबर पर भेजें -
M.9520866571

आवश्यकता है
4 घंटे के लिए पार्ट टाइम ग्राफिक डिजाइनर की आवश्यकता है। अनुभवी उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी। अपना बायोडाटा इस नंबर पर भेजें -
M.9520866571

आवश्यकता है
दिल्ली हरिद्वार हाईवे पर गोकुल सिटी के पास रेस्टोरेंट के लिए मैनेजर की आवश्यकता है। अनुभवी उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी। अपना बायोडाटा इस नंबर पर भेजें-
M.9520866571

## आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ ने घेरी कलेक्ट्रेट, दिया धरना

**मुजफ्फरनगर, 30 दिसम्बर (बु.)।** महिला आंगनबाड़ी संघ की जिला इकाई ने सोमवार को संगठन की जिला अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति के नेतृत्व में एक दिवसीय धरना कलेक्ट्रेट में दिया। इस बीच आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों ने डीएम के नाम सौंपे ज्ञापन में शीतकालीन अवकाश घोषित किए जाने समेत अन्य मांगों के समय रहते निदान की मांग की। कलेक्ट्रेट में धरने की अध्यक्षता प्रतिभा त्यागी व संचालन सतबीरी ने किया। कलेक्ट्रेट में आंगनबाड़ी संघ की जिला इकाई के धरने को संबोधित करते हुए जिला सरंक्षक अजब सिंह ने जिले में आंगनबाड़ी महिलाओं के आर्थिक, मानसिक उत्पीड़न का विरोध करते हुए कहा कि सरकार जो आंगनबाड़ी केन्द्रों के विकास, का पैसा देती है, वह केंद्रों तक नहीं पहुंचता। वह ऊपर ही बंदरबाट हो जाता है, यदि पहुंचता भी है तो मात्र 10 पैसे ही पहुंचता है। उन्होंने कहा कि इस धनराशि को खाते में ही दिया जाये। धरने को उमेश त्यागी, अमृता त्यागी, बीरमती, मंजू शर्मा, सुन्दर बाला, कमलेश शर्मा, ममता रानी, ममता प्रजापति, इंदु, सुनीता, सरोज, मंजू त्यागी, पूनम, वर्षा, रामदुलारी, लोकेश, सरिता, रीता, बबीता, बबली, रेखा सुषमा, मधुबाला, चन्द्रकला, सुनीता, सरला, आदेश, पूनम, शीला आदि में अपने विचार रखे। जिलाध्यक्ष कृष्णा प्रजापति ने इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों की ड्यूटी गैर विभागीय कार्यों में लगाए जाने का विरोध करते हुए आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों को उनके कार्यों में जिम्मेदारी के साथ काम किए जाने की छूट दी। इस दौरान मुख्य रूप से कृष्णा, नीतू, संगीता, गीता, सुनीता, कुसुम, पूनम, अनिता, उवर्शी, उषा रानी, मंजू, मोनिका, ममता, कविता, मीना बर्मन, शशी बाला, समलेश, रेखा, सरोज, लक्ष्मी, सुमन, गुड्डी, अर्चना, मुकेश, साधना, मकरीना, फात्मा, शकीला एवं पूनम आदि मौजूद रही

## खेत में पड़ा 55 कुन्तल गन्ना चोरी

**मीरापुर, 30 दिसम्बर (बु.)।** मीरापुर निवासी मनोज की कृषि भूमि ग्राम सिकरेड़ा के जंगल में है। देर रात चोरों ने मनोज के खेत में पड़े 55 कुंतल गन्ने चोरी कर लिए। पीड़ित ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।

## स्कूल में पढ़ने का नाम लेकर गई युवती गायब पुलिस तलाश में जुटी

**जानसठ, 30 दिसम्बर (बु.)।** कोतवाली क्षेत्र की नई बस्ती निवासी महिला ने थाने में तहरीर दी। उसने तहरीर देकर बताया कि उसकी पुत्री कस्बे में स्थित एक स्कूल में पढ़ती है। सोमवार को वह स्कूल में पढ़ने का कहकर घर से गई थी। वह स्कूल समय के बाद भी घर वापस नहीं लौटी है। उसने पुलिस से युवती को बरामद करने की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र की नई बस्ती निवासी एक महिला ने थाने में दी तहरीर में बताया कि उसकी पुत्री कस्बे में स्थित एक स्कूल में पढ़ती है। सोमवार की सुबह रोज की तरह वह स्कूल में पढ़ने का कहकर घर से गई थी। वह स्कूल टाइम के बाद भी घर वापस नहीं लौटी। स्वजन ने उसे आसपास और रिश्तेदारियों में तलाश किया। काफी तलाश करने के बाद भी जब वह नहीं मिली, तो युवती की मां ने पुलिस को तहरीर देकर अपनी पुत्री को ढूंढने की मांग की है। कोतवाली प्रभारी राजीव शर्मा ने बताया कि तहरीर आई है। युवती की तलाश की जा रही है। जल्द ही तलाश कर स्वजन के सुपुर्द कर दिया जाएगा।

## शाहपुर क्षेत्र के अंतराष्ट्रीय योगाचार्य शिवम को भारतीय गौरव सम्मान



**शाहपुर, 30 दिसम्बर (बु.)।** क्षेत्र के गांव काकड़ा निवासी अंतर्राष्ट्रीय योगाचार्य शिवम गोस्वामी को भारतीय गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया है। क्षेत्र के गांव काकड़ा निवासी राजपाल गोस्वामी के पुत्र शिवम गोस्वामी अंतर्राष्ट्रीय योग खिलाड़ी हैं। इस अंतर्राष्ट्रीय योग खिलाड़ी ने इसी वर्ष 2024 में दुबई में आयोजित एशियाई चैंपियनशिप में योग में दो स्वर्ण पदक हासिल किए थे। इसके अलावा उन्होंने कई बार अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाकर देश का नाम रोशन किया है। इसके अलावा वह योग के राष्ट्रीय कोच भी हैं। इस योगा खिलाड़ी की सफलताओं के आधार पर द फेयर विजन ऑफ इंडिया ने लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में भारतीय गौरव सम्मान पुरस्कार से सम्मानित किया है। शिवम गोस्वामी वर्तमान में योग नगरी ऋषिकेश में योग एकेडमी चला रहे हैं, जिसमें उनके पास देश एवं विदेशों से लोग योग का प्रशिक्षण लेने आते हैं। गांव काकड़ा के शिवम गोस्वामी को भारतीय गौरव सम्मान से सम्मानित होने पर गांव में क्षेत्र में खुशी की लहर है।

## जजों के रिश्तेदार अब नहीं बन पाएंगे हाईकोर्ट के जज?

**नई दिल्ली, 30 दिसंबर (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम एक नए प्रस्ताव पर विचार कर रहा है। इस प्रस्ताव के तहत मौजूदा या पूर्व संवैधानिक न्यायालय के जजों के परिवार के सदस्यों को हाईकोर्ट के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने की सिफारिश फिलहाल रोकी जा सकती है। सूत्रों की माने तो ऐसा इसलिए किया जा रहा क्योंकि एक आम धारणा है कि इन वकीलों को पहली पीढ़ी के वकीलों की तुलना में जज बनने की प्रक्रिया में प्राथमिकता मिलती है। दिसंबर 2022 में, सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने हाईकोर्ट न्यायाधीशों के लिए सिफारिश किए गए वकीलों के साथ बातचीत भी शुरू की है। यह उनकी उपयुक्तता और क्षमता का आकलन करने के लिए किया जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम हाईकोर्ट में न्यायाधीशों के करीबी रिश्तेदारों की नियुक्ति के खिलाफ विचार कर सकता है। कॉलेजियम हाईकोर्ट के कॉलेजियम को ऐसे उम्मीदवारों की सिफारिश न करने का निर्देश देने पर विचार कर सकता है, जिनके माता-पिता या करीबी रिश्तेदार सर्वोच्च न्यायालय या हाईकोर्ट के वर्तमान या पूर्व न्यायाधीश रहे हों। इस धारणा को मिटाने के लिए कि योग्यता से ज्यादा वंश को महत्व दिया जाता है या न्यायिक अधिकारी को हाईकोर्ट के जज के रूप में नियुक्त करने की सिफारिश में पहली पीढ़ी के वकीलों पर प्राथमिकता दी जाती है, कॉलेजियम के एक जज ने हाल ही में एक विचार रखा। उन्होंने हाईकोर्ट के कॉलेजियम को निर्देश देने का सुझाव दिया कि वे ऐसे वकीलों या न्यायिक अधिकारियों की सिफारिश न करें जिनके माता-पिता या करीबी रिश्तेदार सुप्रीम कोर्ट या उच्च न्यायालयों के जज थे हैं। यह प्रस्ताव कुछ अन्य लोगों को भी पसंद आया और तब से कॉलेजियम के अन्य सदस्यों के बीच एक खुली बहस का विषय बन गया है। हालांकि, न्यायाधीश ने इस बात पर भी चिंता जताई है कि इससे योग्य लोगों को न्यायाधीश बनने से सिर्फ इसलिए वंचित किया जा सकता है क्योंकि वे उच्च न्यायपालिका के मौजूदा या पूर्व न्यायाधीशों के रिश्तेदार हैं।

**॥ शान्ति सभा ॥**



स्वर्गीय श्री राजेन्द्र बंसल जी
14/10/1941-20/12/2024

अत्यंत दुःख के साथ आपको सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूज्य पिता जी श्री राजेन्द्र बंसल जी का स्वर्गवास दिनांक 20/12/2024 दिन- शुक्रवार को हो गया था। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।
तेरहवीं - दिनांक 01 जनवरी 2025, दिन- बुधवार को होनी निश्चित हुई है।
अतः आपसे निवेदन है कि दिवंगत आत्मा की शांति हेतु आयोजित ईश्वर की प्रार्थना सभा में सम्मिलित होने की कृपा करें।

-:कार्यक्रम:-
ब्रह्मभोज- दोपहर 12:00 बजे
रस्म पगड़ी- दोपहर 2:00 बजे से 3:00 बजे तक

स्थान:- वर्धमान धर्मशाला,
निकट बिजली घर, नई मंडी- मुजफ्फरनगर।

शोकाकुल परिवार
राजकुमारी (धर्मपत्नी)
मनोज बंसल- प्रेरणा (पुत्र-पुत्रवधु)
सर्वेश-रागिनी, शलभ -पूजा, अमित -सपना (पुत्री-दामाद)
राहुल -महिमा (पौत्री -दामाद)
राधिका (पौत्री) वेदांश (पौत्र)
समस्त बंसल परिवार।

**शोक सन्देश**



बड़े दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूज्य पिताजी श्री ला० ब्रजभूषण जी (बनत वाले) पुत्र श्री ला० शुगन चन्द जी का स्वर्गवास दिन -शुक्रवार दिनांक 20-12-2024 को हो गया है।
प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।
जिनकी तेरहवीं एवं रस्म पगड़ी दिनांक 01 जनवरी 2025 दिन- बुधवार को होनी निश्चित हुई है।

| | |
|---|---|
| हवन | 8 बजे प्रातः (निज निवास) |
| ब्रह्मभोज | 12 बजे दोपहर |
| रस्म पगड़ी | 2 बजे दोपहर |

कार्यक्रम स्थल:- आशीर्वाद बैंकेट हॉल लक्ष्मण विहार, जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर।

-: शोकाकुल परिवार :-
सतेन्द्र कुमार, विजेन्द्र कुमार (भाई) — श्रीमती ऊषा रानी (धर्मपत्नी)
रजनीश कुमार, अवनीश कुमार (भाई) — सचिन कुमार, मनोज कुमार (पुत्र)
सौरभ, विकास, देवांश, अनिकेत (भतीजे) — अंश, देव, तन्य (पौत्र)
एवं समस्त सिंघल परिवार

-: प्रतिष्ठान :-
बिन्दलास डुपलेक्स लि०, मुजफ्फरनगर।
अग्रवाल डुपलेक्स बोर्ड मिल्स लि०, मुजफ्फरनगर।
सिद्धबली फॉरमूलेशन, गुरुकुल नारसन, रुड़की।

निज निवास: 23/2, द्वारिकापुरी गली नं० 1 राम समोसे वाली गली, मुजफ्फरनगर।
मोबाईल : 9358185999, 9897042792

